RAJHIN/2016/70516 Bhilwara/171/2023-2024

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 अंक- 49 भीलवाड़ा, सोमवार, 08 जून 2026 पृष्ठ-04 मूल्य-04 रूपये

# INDIA गठबंधन की अहम बैठक आज, 23 विपक्षी दल करेंगे रणनीति पर मंथन

## AAP और DMK ने बनाई दूरी, विपक्षी एकजुटता पर रहेंगी निगाहें

▪ स्मार्ट हलचल

**विपक्षी एकजुटता को मजबूती देने के लिए इंडिया ब्लॉक की बैठक आज नई दिल्ली में होगी। बैठक में चुनावी तालमेल, साझा नेतृत्व और राजनीतिक रणनीति जैसे अहम मुद्दों पर विचार होगा।**

**नई दिल्ली** । केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ साझा रणनीति तैयार करने और विपक्षी एकता को मजबूत करने के उद्देश्य से INDIA गठबंधन के 23 राजनीतिक दलों की महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित हो रही है। बैठक में कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, शिवसेना (उद्धव गुट) सहित कई प्रमुख विपक्षी दल भाग ले रहे हैं। एजेंडा तय नहीं, राहुल, ममता, अखिलेश, तेजस्वी समेत 23 विपक्षी दलों के नेता शामिल होंगे

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बताया कि 23 दल भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ एकजुट हो रहे हैं। उन्होंने एक्स पोस्ट में 'इंडिया' को 'इंडिया जनबंधन' लिखा। TMC चीफ ममता बनर्जी और उनके भतीजे अभिषेक दिल्ली पहुंच गए हैं।

बैठक को आगामी राजनीतिक चुनौतियों और भविष्य की रणनीति के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। विपक्षी दलों के नेता केंद्र सरकार की नीतियों, लोकतांत्रिक संस्थाओं से जुड़े



मुद्दों तथा आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों पर संयुक्त रुख तय करने पर चर्चा करेंगे।

हालांकि गठबंधन की इस बैठक से आम आदमी पार्टी (AAP) और द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (DMK) ने दूरी बना ली है। डीएमके और कांग्रेस के बीच हाल के राजनीतिक मतभेदों के कारण पार्टी ने बैठक में शामिल नहीं होने का फैसला किया है, जबकि आम आदमी पार्टी पहले से ही गठबंधन की गतिविधियों से अलग रुख अपनाए हुए है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि हाल के विधानसभा चुनावों के बाद यह बैठक विपक्षी खेमे के लिए एकजुटता का प्रदर्शन करने का अवसर है। वहीं कुछ सहयोगी दलों के अनुपस्थित रहने से गठबंधन के भीतर मौजूद मतभेदों पर भी चर्चा तेज हो सकती है।

बैठक के बाद विपक्षी दलों की ओर से संयुक्त रणनीति और आगे की राजनीतिक दिशा को लेकर महत्वपूर्ण घोषणा किए जाने की संभावना है।

### I.N.D.I.A की बैठक के पहले कांग्रेस से कई दल नाराज

झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा (JMM) राज्यसभा की दो सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारना चाहता था। कांग्रेस ने बिना बातचीत उम्मीदवार घोषित कर दिए। 5 जून को JMM ने अपनी नाराजगी जाहिर की।

केरल में CPI(M) ने नाराजगी जताई। दरअसल, हाल के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के नेताओं ने लेफ्ट को भाजपा की बी टीम बताया। इससे लेफ्ट नेताओं ने आपत्ति दर्ज की। लेफ्ट चुनाव हार गई और कांग्रेस सत्ता में आई।

# बेरूत पर इजरायली हवाई हमलों से पश्चिम एशिया में तनाव चरम पर, कच्चे तेल की कीमतों में 2% का उछाल

▪ स्मार्ट हलचल

**दिल्ली** । लेबनान की राजधानी बेरूत पर इजरायल द्वारा किए गए हालिया हवाई हमलों ने पश्चिम एशिया (वेस्ट एशिया) में भू-राजनीतिक संकट को गहरा दिया है। इस सैन्य कार्रवाई के बाद वैश्विक ऊर्जा बाजार में हलचल मच गई है, जिसके परिणामस्वरूप अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल (Crude Oil) की कीमतों






में 2 प्रतिशत से अधिक की तेजी दर्ज की गई है।

### सैन्य कार्रवाई और क्षेत्रीय तनाव

रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार, इजरायल द्वारा बेरूत के रिहायशी और रणनीतिक इलाकों को निशाना बनाए जाने के बाद इस क्षेत्र में व्यापक युद्ध की आशंका बढ़ गई है। हिजबुल्लाह और इजरायल के बीच बढ़ते टकराव ने ईरान सहित अन्य क्षेत्रीय शक्तियों को भी सतर्क कर दिया है। राजनयिक गलियारों में इस हमले को संघर्ष के 'एस्केलेशन' (विस्तार) के रूप में देखा जा रहा है, जिससे आपूर्ति श्रृंखला बाधित होने का डर बना हुआ है।

### बाजार पर प्रभाव

तनाव की खबरों के बीच ब्रेंट क्रूड और डब्ल्यूटीआई (WTI) दोनों के वायदा भाव में भारी उछाल देखा गया। तेल विश्लेषकों का मानना है कि यदि तनाव और बढ़ता है या होर्मुज जलडमरूमध्य (Strait of Hormuz) जैसे महत्वपूर्ण व्यापारिक मार्ग प्रभावित होते हैं, तो कीमतों में और भी बड़ा उछाल आ सकता है।

### आर्थिक प्रभाव की चिंता

कच्चे तेल की कीमतों में इस वृद्धि का सीधा असर भारत जैसे आयात-निर्भर देशों पर पड़ सकता है। यदि कीमतें इसी स्तर पर बनी रहती हैं, तो आने वाले समय में पेट्रोल-डीजल की कीमतों और मुद्रास्फीति (Inflation) पर दबाव बढ़ना तय है।

### वैश्विक प्रतिक्रिया

संयुक्त राष्ट्र और कई यूरोपीय देशों ने संयम बरतने की अपील की है, जबकि बाजार निवेशक अब इस क्षेत्र में ईरान की अगली प्रतिक्रिया और इजरायल के अगले कदम पर बारीकी से नजर रखे हुए हैं।

# जयपुर में 24 घंटे के लिए मोबाइल इंटरनेट बंद, 80 फीट सड़क चौड़ीकरण की कार्रवाई आज से

▪ स्मार्ट हलचल

**जयपुर** / मालवीय नगर स्थित नंदपुरी-गैटोर क्षेत्र में प्रस्तावित 80 फीट सड़क चौड़ीकरण परियोजना का रास्ता लगभग साफ हो गया है। जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) और पुलिस प्रशासन की करीब 15 दिनों की समझाइश के बाद सड़क सीमा में आ रही विभिन्न धार्मिक संरचनाओं को संबंधित पक्षों द्वारा आपसी सहमति से हटाया जाना शुरू कर दिया गया है।

रविवार को बड़ी संख्या में लोगों ने मंदिर, मस्जिद, मजार, चबूतरे और सत्संग भवन सहित अन्य निर्माणों को स्वयं हटाने की कार्रवाई की। शेष अतिक्रमण हटाने के लिए जेडीए सोमवार सुबह छह बजे से अभियान शुरू करेगा।

कार्रवाई को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन ने एहतियातन पुलिस कमिश्नरेट जयपुर तथा जयपुर उत्तर एवं जयपुर पूर्व जिलों के कई थाना क्षेत्रों में 24 घंटे के लिए मोबाइल इंटरनेट सेवाएं अस्थायी रूप से निलंबित कर दी हैं। संभागीय आयुक्त के आदेशानुसार यह प्रतिबंध सोमवार रात 12 बजे तक प्रभावी रहेगा।

प्रशासन के अनुसार सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाओं, अफवाहों अथवा भड़काऊ सामग्री के प्रसार की आशंका को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। इससे पहले दिसंबर 2025 में चौमूं क्षेत्र में धार्मिक स्थल से जुड़े विवाद के दौरान भी इंटरनेट सेवाएं अस्थायी रूप से बंद की गई थीं।

### 34 थाना क्षेत्रों में प्रभावी रहेगा प्रतिबंध

इंटरनेट प्रतिबंध रामगंज, गलता गेट, माणक चौक, सुभाष चौक, आमेर, ब्रह्मपुरी, नाहरगढ़, कोतवाली, जालूपुरा, संजय सर्किल, शास्त्रीनगर, भट्टा बस्ती, विद्याधर नगर, जयसिंहपुरा खोर, बस्सी, कानोता, तूंगा, आदर्श नगर, ट्रांसपोर्ट नगर, जवाहर नगर, जामडोली, एसएमएस अस्पताल, गांधी नगर, लालकोठी, मोतीडूंगरी, एयरपोर्ट, मालवीय नगर, जवाहर सर्कल, बजाज नगर, खोह नागोरियान, सांगानेर, प्रताप नगर, रामनगरिया और मालपुरा गेट थाना क्षेत्रों में लागू रहेगा।

हालांकि राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर और झालाना डूंगरी के आसपास का क्षेत्र इस प्रतिबंध से मुक्त रखा गया है।

### तीन पारियों में तैनात रहेंगे अधिकारी

मास्टर प्लान के अनुसार सड़क की चौड़ाई 80 फीट निर्धारित है, जबकि कई स्थानों पर यह घटकर 40 से 50 फीट रह गई थी। कार्रवाई को विवादरहित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए जेडीए ने चार विशेष टीमों का गठन किया है।

उपायुक्तों के नेतृत्व वाली इन टीमों में तहसीलदार, सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता और पटवारी शामिल किए गए हैं।


सभी अधिकारी 8 और 9 जून को तीन पारियों में 24 घंटे ड्यूटी पर तैनात रहेंगे।

### भ्रामक सामग्री पर होगी सख्त कार्रवाई

पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने कहा है कि कार्रवाई के दौरान सोशल मीडिया या अन्य डिजिटल माध्यमों पर धार्मिक उन्माद फैलाने अथवा भ्रामक सामग्री प्रसारित करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# एएनटीएफ का डबल अटैकः पाली में एमडी, बीकानेर में डोडा-चूरा बरामद

## घर और होटल में चल रहा था नशे का अवैध कारोबार, दो आरोपी गिरफ्तार



**जयपुर** । राजस्थान पुलिस की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स द्वारा प्रदेशभर में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पाली और बीकानेर जिलों में दो बड़ी कार्रवाइयों को अंजाम देते हुए भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ बरामद किए गए हैं। दोनों मामलों में दो आरोपियों को दस्तयाब कर मादक पदार्थ तस्करी के नेटवर्क की गहन जांच शुरू कर दी गई है।

महानिरीक्षक पुलिस एएनटीएफ श्री विकास कुमार ने बताया कि महानिदेशक पुलिस श्री राजीव कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में प्रदेशभर में नशे के कारोबार के खिलाफ लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में एएनटीएफ टीमों ने पाली और बीकानेर में दो अलग-अलग अभियानों के दौरान महत्वपूर्ण सफलता हासिल की।

### पाली में घर के अंदर चल रहा था एमडी का खेल

एएनटीएफ की टीम को खुफिया इनपुट मिला था कि पाली जिले के माण्डीगढ़ गांव में नरेश और सुभाष प्रजापत अपने घर से ही अवैध मादक पदार्थों की सप्लाई चेन चला रहे हैं। सूचना पुख्ता होने पर एएनटीएफ ने स्थानीय सादड़ी थाना पुलिस को साथ लेकर तड़के माण्डीगढ़ में नरेश प्रजापत के मकान पर दबिश दी। पुलिस जाप्ते को अचानक सामने देखकर आरोपी नरेश पसीना-पसीना हो गया और घबराने लगा। जब घर के एक बंद कमरे का ताला खुलवाकर तलाशी ली गई, तो वहां से 6 प्लास्टिक की थैलियों में छुपाकर रखी गई 100.86 ग्राम अवैध एमडी ड्रग्स और 09.11 ग्राम एमडी में मिलाने वाला मिलावटी पाउडर बरामद हुआ। पुलिस ने नशीला पदार्थ जब्त कर आरोपी नरेश प्रजापत (32) को गिरफ्तार कर लिया।

### बीकानेर में टोल प्लाजा के पास होटल पर रेड, प्रशिक्षित डॉग ने खोजी खेप

एएनटीएफ को दूसरी बड़ी सफलता बीकानेर में जयपुर-जोधपुर बाईपास टोल प्लाजा के पास स्थित जगदम्बा होटल में मिली। होटल संचालक परमाराम जाट (45) निवासी सुरणाणा थाना लूणकरणसर के अवैध गतिविधियों में लिप्त होने की सटीक सूचना पर जेएनवीसी थाना पुलिस के सहयोग से होटल पर छापा मारा गया।

इस दौरान होटल के बाहर बने छपरे में बैठा संदिग्ध परमाराम पुलिस को देखकर प्लास्टिक का कट्टा समेटकर भागने लगा, जिसे टीम ने प्रशिक्षित खोजी डॉग की मदद से तत्परता से दबोच लिया।जब कट्टे व परिसर की जांच की गई, तो उसमें से 01.750 किलोग्राम अवैध डोडा-चूरा और मादक पदार्थ की बिक्री से अर्जित 11,000 रुपये नकद बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी को मौके से दस्तयाब कर लिया है।

### नशे के नेटवर्क पर लगातार वार

एएनटीएफ की इन दोनों कार्रवाइयों से स्पष्ट है कि राज्य में नशे के कारोबारियों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। बरामद मादक पदार्थों के स्रोत, सप्लाई चेन और तस्करी नेटवर्क के अन्य सदस्यों के संबंध में गहन अनुसंधान जारी है।

महानिरीक्षक पुलिस श्री विकास कुमार ने दोनों कार्रवाइयों में शामिल एएनटीएफ, थाना सादड़ी और थाना जेएनवीसी की टीमों की सराहना करते हुए बताया कि संबंधित टीमों को विशेष कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा।

# भीलवाड़ा पुलिस का बड़ा खुलासा, 18 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद

## हिस्ट्रीशीटर सहित दो आरोपी गिरफ्तार, शहर में सक्रिय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश

▪ स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** / जिले के सुभाषनगर थाना पुलिस ने वाहन चोरी के मामलों में बड़ी सफलता हासिल करते हुए 18 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। पुलिस ने इस मामले में एक हिस्ट्रीशीटर सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक सागर राणा (आईपीएस) के निर्देशन में शहर में बढ़ती मोटरसाइकिल चोरी एवं संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय पारसमल जैन तथा वृत्ताधिकारी सदर हरजीराम के सुपरविजन में थाना प्रभारी कैलाश कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया।

### शिकायत से शुरू हुई जांच

पुलिस के अनुसार मोतीनगर, सांगानेर रोड निवासी शंभूदयाल उपाध्याय ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि उनकी मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स 1 नवंबर 2025 को वर्धमान स्कूल के पास से चोरी हो गई थी। रिपोर्ट के आधार पर सुभाषनगर थाने में मामला




दर्ज कर जांच शुरू की गई।

### सीसीटीवी और मुखबिर तंत्र से मिली सफलता

जांच के दौरान पुलिस टीम ने विभिन्न स्थानों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखी तथा मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। तकनीकी साक्ष्यों और फील्ड इंटेलिजेंस के आधार पर पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

पूछताछ में आरोपियों ने मोटरसाइकिल चोरी की वारदातों को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। उनकी निशानदेही पर चोरी की गई 18 मोटरसाइकिलें बरामद की गईं।

### ये आरोपी हुए गिरफ्तार

**पुलिस ने इस मामले में निम्न आरोपियों को गिरफ्तार किया है**

**1. गोपाललाल कीर (37 वर्ष) निवासी सुवाणा, जिला भीलवाड़ा हिस्ट्रीशीटर, थाना सदर भीलवाड़ा**

**2. भैरूलाल बैरवा (29 वर्ष) निवासी सुवाणा, थाना सदर, जिला भीलवाड़ा**

### हिस्ट्रीशीटर पर दर्ज हैं कई गंभीर मामले

गिरफ्तार आरोपी गोपाललाल कीर के खिलाफ भीलवाड़ा एवं चित्तौड़गढ़ जिले के विभिन्न थानों में चोरी, लूट, डकैती, आर्म्स एक्ट एवं अन्य गंभीर अपराधों के अनेक मामले दर्ज हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार वह थाना सदर भीलवाड़ा का हिस्ट्रीशीटर है और पूर्व में कई मामलों में गिरफ्तार हो चुका है।

### अधिकांश वाहन बिना नंबर प्लेट के बरामद

पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर बरामद की गई 18 मोटरसाइकिलों में अधिकांश हीरो एचएफ डीलक्स और स्प्लेंडर प्लस मॉडल की बाइक हैं। वाहन चोरी के बाद आरोपियों ने कई मोटरसाइकिलों की नंबर प्लेट हटा दी थी, जिससे उनकी पहचान छिपाई जा सके।

### पुलिस टीम की सराहना

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कैलाश कुमार, हेड कांस्टेबल भैरूलाल तथा कांस्टेबल सोनू, सुनील, कन्हैया, अशोक एवं कैलाश की विशेष भूमिका रही। जिला पुलिस अधीक्षक ने टीम की सराहना करते हुए कहा कि संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# दो दिन में कार्रवाई के निर्देश-एक माह बाद भी नहीं हुई पालना-प्रशासनिक जवाबदेही पर उठे सवाल

## पंचायत समिति उनियारा के बीडीओ का आदेश साबित हुआ बेअसर-ग्राम पंचायत बिलौता के प्रशासक सुरेश मीणा पर नियम विरुद्ध पद के दुरुपयोग के आरोप-शीघ्र कार्रवाई की मांग

▪ स्मार्ट हलचल

**टोंक/उनियारा** । जिले की पंचायत समिति उनियारा मुख्यालय अलीगढ़ द्वारा ग्राम पंचायत बिलौता के प्रशासक एवं ग्राम विकास अधिकारी को जारी किए गए आदेश की समयबद्ध पालना नहीं होने से प्रशासनिक जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। संपर्क पोर्टल पर दर्ज परिवाद संख्या 052636326570278 के संबंध में पंचायत समिति उनियारा के विकास अधिकारी ने 12 मई 2026 को पत्र क्रमांक 1000 जारी कर ग्राम पंचायत बिलौता के प्रशासक सुरेश मीणा एवं ग्राम विकास अधिकारी जगमोहन मीणा को दो दिवस के भीतर आवश्यक कार्रवाई कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे, लेकिन आदेश जारी होने के लगभग एक माह बाद भी अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने के आरोप लगाए जा रहे हैं। प्राप्त दस्तावेजों के अनुसार परिवाद में शिकायत की गई थी कि ग्राम पंचायत बिलौता क्षेत्र में केंद्र एवं राज्य मद से कराए गए विभिन्न सौंदर्यीकरण कार्यों के तहत स्थापित सीमेंटेड बैठने की कुर्सियों पर नियमों के विपरीत वर्तमान प्रशासक (सरपंच) सुरेश मीणा का नाम अंकित किया गया है। शिकायतकर्ता ने इसे सरकारी धन के दुरुपयोग एवं नियम विरुद्ध कार्य बताते हुए संबंधित नाम हटाने तथा दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की मांग की थी। मामले को गंभीर मानते हुए पंचायत समिति उनियारा के खंड विकास अधिकारी शंकरलाल मेघवाल ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया था कि दो दिन के भीतर उक्त नाम हटाकर अथवा नई कुर्सियां लगवाकर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाए तथा अनुपालना रिपोर्ट कार्यालय में प्रस्तुत की जाए।हालांकि शिकायतकर्ता परिवादी रामबाबू मीणा सहित लोकेश मीणा का आरोप है कि निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के बावजूद आदेश की पूर्ण पालना नहीं की गई है और न ही कार्रवाई की स्थिति सार्वजनिक की गई है। ऐसे में यह मामला प्रशासनिक आदेशों की प्रभावशीलता और जवाबदेही पर प्रश्नचिह्न खड़ा कर रहा है।स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि जब सक्षम अधिकारी द्वारा स्पष्ट निर्देश जारी किए जा चुके हैं, तब उनकी अनुपालना सुनिश्चित नहीं होना प्रशासनिक व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है।ग्रामीणों एवं शिकायतकर्ता ने जिला प्रशासन से मांग की है कि आदेश की अनुपालना नहीं होने के कारणों की जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए तथा पंचायत समिति उनियारा के विकास अधिकारी के निर्देशों की तत्काल प्रभाव से पालना सुनिश्चित कराई जाए, ताकि शासन-प्रशासन के आदेशों की गरिमा बनी रहे और आमजन का विश्वास प्रशासन पर कायम रह सके।

# पोटलां तालाब बना 'डेथ ट्रैप': हजारों मछलियों की मौत से फैली दुर्गंध, प्रशासन की चुप्पी से ग्रामीणों में भारी आक्रोश

▪ स्मार्ट हलचल

**पोटलां** (भीलवाड़ा): ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व वाले पोटलां तालाब में इन दिनों मौत का मंजर पसरा है। तालाब की सतह पर हजारों की संख्या में मृत मछलियाँ देखी जा सकती हैं। सड़ती हुई मछलियों से उठ रही असहनीय दुर्गंध ने आसपास के निवासियों और मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं का जीना दूभर कर दिया है। बावजूद इसके, स्थानीय प्रशासन की चुप्पी और उदासीनता ग्रामीणों के लिए सबसे बड़ा सवाल बनी हुई है।

### धार्मिक भावनाओं को ठेस

पोटलां तालाब न केवल जल संरक्षण का प्रतीक है, बल्कि इसकी परिधि में कई प्राचीन और महत्वपूर्ण मंदिर स्थित हैं। तालाब के तट पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए पहुँचते हैं। मृत मछलियों की दुर्गंध के कारण मंदिर परिसर में रुकना भी अब मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यह स्थिति न केवल स्वास्थ्य के लिए घातक है, बल्कि हमारी धार्मिक भावनाओं को भी गंभीर रूप से आहत




कर रही है।

### प्रशासन बना मूक दर्शक

यह कोई पहली बार नहीं है, बल्कि हर साल गर्मी के मौसम में पोटलां तालाब में मछलियों की सामूहिक मौत का सिलसिला दोहराया जाता है। इसके बावजूद, अब तक किसी भी जिम्मेदार अधिकारी ने इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। बार-बार शिकायतों के बाद भी प्रशासन केवल 'मूक दर्शक' की भूमिका में नजर आता है, जो सिस्टम की संवेदनहीनता को दर्शाता है।

### ठेका प्रथा बनी 'नासूर'

ग्रामीणों का आरोप है कि तालाब में मछलियों की मौत का मुख्य कारण ठेका प्रथा है। ग्रामीण कई वर्षों से तालाब में मछली पालन का ठेका प्रतिबंधित करने की मांग कर रहे हैं।

### ग्रामीणों का तर्क है:

**अत्यधिक दोहन**: ठेकेदार मुनाफे के चक्कर में तालाब की क्षमता से अधिक मछलियाँ डाल देते हैं और रसायनिक पदार्थ डालने से मगरमच्छों का जीवन भी खतरे में है।

**ऑक्सीजन की कमी:**

तालाब में गंदगी और मछलियों की अत्यधिक संख्या के कारण पानी में ऑक्सीजन का स्तर गिर जाता है, जिससे मछलियाँ दम तोड़ देती हैं।

### सुध लेने वाला कोई नहीं:

प्रशासन को कई बार लिखित में ज्ञापन दिए गए, लेकिन मछली पालन के ठेके को बंद करने के बजाय उसे रिन्यू कर दिया जाता है।

स्वास्थ्य पर मंडराता खतरा

सड़ती हुई मछलियों के कारण तालाब का पानी दूषित हो चुका है। यही पानी आसपास के भूजल स्तर को भी प्रभावित कर रहा है। यदि समय रहते प्रशासन ने मृत मछलियों का निस्तारण नहीं किया और जल की शुद्धता की जांच नहीं कराई, तो क्षेत्र में किसी बड़ी महामारी के फैलने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

### ग्रामीणों की चेतावनी:

यदि प्रशासन ने मछली पालन के ठेके को तत्काल प्रभाव से रद्द नहीं किया और तालाब की सफाई के लिए ठोस कदम नहीं उठाए, तो ग्रामीण उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

# बजरी माफियों को पुलिस की लोकेशन देना पड़ा भारी, चार गिरफ्तार



▪ स्मार्ट हलचल


**सवाईपुर** :- अवैध बजरी खनन एवं परिवहन में संलिप्त, पुलिस की मोबाईल से लोकेशन रख बजरी माफियाओं को मोबाईल से सुचना देने के मामले में बड़लियास पुलिस ने चार जनों को गिरफ्तार किया । थाना प्रभारी जसवंत सिंह ने बताया कि अवैध बजरी खनन को लेकर माफियों को पुलिस कि लोकेशन देने के मामले में पुलिस ने बड़लियास थाना क्षेत्र के बन्ना लाल पिता भैरू लाल जाट उम्र 35 वर्ष निवासी जीवा का खेड़ा, मुकेश पिता मदन लाल ओड़ उम्र 28 वर्ष निवासी चांदगढ़, नानू राम पिता भैरू लाल दरोगा उम्र 26 वर्ष निवासी चांदगढ़ व अजयराज सिंह पिता शिव सिंह राजपूत उम्र 25 वर्ष निवासी चांदगढ़ को शांति भंग में गिरफ्तार किया गया । अवैध बजरी खनन/परिवहन पर लगातार कार्यवाही जारी है तथा पुलिस की लोकेशन रखने वाले गुप्स जय मां जोगणियां, जय खोटाण माता महाकाल, जय श्री राम व जय सांवरिया सेठ पर पुलिस द्वारा निगरानी रखी ।।

# नीलगायों को बचाने के प्रयास में खाई में गिरी ग्रैंड विटारा, वृद्धा की मौत, 4 घायल 3 भीलवाड़ा रेफर..

▪ स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा** / भीम-उनियारा राष्ट्रीय राजमार्ग 148डी पर नई राज्यास से सरसुंदा चौराहे के निकट रविवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। नीलगायों का झुंड अचानक सड़क पर आने से एक ग्रैंड विटारा कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जा गिरी। हादसे में शाहपुरा निवासी एक वृद्धा की उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार कोठार मोहल्ला, शाहपुरा निवासी कलादेवी राठौड़ (69), पत्नी स्वर्गीय रामगोपाल राठौड़,अपने परिजनों के साथ ग्रैंड विटारा कार से अजमेर जा रही थीं। परिवार उन्हें अजमेर छोड़ने के लिए निकला था। कार को देवांश पुत्र किशोर सिंह चला रहे थे।सरसुंदा चौराहे के पास



अचानक नीलगायों का झुंड सड़क पर आ गया। नीलगायों को बचाने के प्रयास में चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरी खाई में उतर गई।हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों ने तत्काल राहत कार्य शुरू कर घायलों को वाहन से बाहर निकाला।उन्हें तत्काल शाहपुरा जिला चिकित्सालय पहुंचाया।

दुर्घटना में कलादेवी राठौड़ गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिनकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। वहीं बकुल उर्फ दीपा राठौड़ (40 वर्ष) पत्नी रवि राणावत निवासी बलदेव नगर अजमेर,अन्यान्य राणावत पुत्री रवि राणावत (14 वर्ष) तथा सार्दुल सिंह पुत्र रवि राणावत (7 वर्ष) घायल हो गए। तीनों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए भीलवाड़ा जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। कार चालक देवांश सिंह को मामूली चोटें पर प्राथमिक उपचार दिया गया।

सूचना पर फूलियाकलां थाने के एएसआई सोराज मीना पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे और दुर्घटना की जानकारी जुटाई। तथा दुर्घटना के संबंध में जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि राष्ट्रीय राजमार्ग 148डी पर नीलगायों और अन्य वन्यजीवों की आवाजाही लगातार बनी रहती है, जिससे आए दिन दुर्घटना का खतरा बना रहता है।

# सदारा में कच्चे मकान की दीवार गिरने से बुजुर्ग किसान की मौत

▪ स्मार्ट हलचल

**सावर**(अजमेर)@सावर थाना क्षेत्र के ग्राम सदारा में रविवार को तेज अंधड़ और बारिश के दौरान खेत पर बने कच्चे मकान की दीवार गिरने से एक बुजुर्ग किसान की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सदारा निवासीरामकिशन कहार पुत्र कालू कहार खेत पर बने कच्चे मकान में बारिश और अंधड़ से बचने के लिए बैठे हुए थे। इसी दौरान तेज हवा और बारिश के कारण मकान की दीवार अचानक ढह गई, जिससे वह मलबे में दब गए। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा सावर पुलिस को अवगत कराया। सूचना पर एएसआई किशनलाल जाट पुलिस जाप्ते के साथ घटनास्थल पहुंचे। पुलिस ने शव को सावर चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया। मृतक का पोस्टमार्टम सोमवार सुबह कराया जाएगा। गौरतलब है कि सावर क्षेत्र में पिछले दो दिनों से तेज अंधड़ और बारिश का दौर जारी है, जिससे जनजीवन प्रभावित होने के साथ कई स्थानों पर नुकसान की घटनाएं भी सामने आ रही हैं।

# जब पुलिस उतरी साइकिल पर... तो शहर ने कहा- फिटनेस भी, पर्यावरण भी!

## फिटनेस की डोज, आधा घंटा रोज के नारों से गूंजा भीलवाड़ा, बच्चों से लेकर वरिष्ठ नागरिक और पुलिस अधिकारी तक बने साइकिल के सारथी''



▪ स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा ।** रविवार की सुबह भीलवाड़ा की सड़कों पर कुछ अलग ही नजारा देखने को मिला। जहां आम दिनों में पुलिसकर्मी ट्रैफिक संभालते नजर आते हैं, वहीं इस बार वे खुद साइकिल की सवारी करते हुए लोगों को स्वस्थ जीवन और स्वच्छ पर्यावरण का संदेश देते दिखाई दिए।

संडे ऑन साइकिल अभियान के तहत निकली भव्य साइकिल रैली ने शहरवासियों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लिया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमंत नोगिया के निर्देशानुसार भीलवाड़ा पुलिस विभाग, भीलवाड़ा साइकिल क्लब एवं प्राकृतिक कुल्हड़ ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस रैली को सिटी कंट्रोल रूम, स्टेशन चैराहा से सीओ सिटी सज्जन सिंह, सीओ सदर भवानी सिंह तथा वरिष्ठ नागरिक मंच के अध्यक्ष मदन खटोड़ ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए पुनः सिटी कंट्रोल रूम पहुंचकर सम्पन्न हुई। रैली के दौरान फिटनेस की डोज, आधा घंटा रोज, साइकिल चलाओ, पर्यावरण बचाओ और साइकिल चलाओ, स्वास्थ्य बनाओ जैसे जोशीले नारों से पूरा वातावरण उत्साह और जागरूकता से भर गया। राहगीर भी रैली को देखकर मुस्कुराते नजर आए और कई लोगों ने इस पहल की सराहना की। सबसे खास बात यह रही कि इस अभियान में केवल युवा ही नहीं, बल्कि वरिष्ठ नागरिकों और नन्हे बालक-बालिकाओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चों का उत्साह और बुजुर्गों का जोश यह संदेश दे रहा था कि स्वस्थ जीवन के लिए उम्र नहीं, बल्कि संकल्प जरूरी होता है। पुलिस विभाग की ओर से थाना कोतवाली प्रभारी हनुमान सिंह, थाना भीमगंज प्रभारी सुनील कुमार, थाना पुर प्रभारी कन्हैयालाल सहित अनेक पुलिस अधिकारियों और जवानों ने स्वयं पूरी दूरी तक साइकिल चलाकर आमजन को प्रेरित किया। पुलिस की यह सकारात्मक और जनसरोकार वाली छवि लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी रही। इस अवसर पर सीओ सिटी सज्जन सिंह, सीओ सदर भवानी सिंह एवं वरिष्ठ नागरिक मंच के अध्यक्ष मदन खटोड़ ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण, बदलती जीवनशैली और असंतुलित खान-पान के दौर में साइकिल सबसे सरल, सस्ता और प्रभावी स्वास्थ्य साथी है। नियमित साइकिल चलाने से व्यक्ति स्वस्थ रहता है, ईंधन की बचत होती है और पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलता है। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं और विद्यार्थियों से साइकिल को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वस्थ नागरिक ही मजबूत समाज और सशक्त राष्ट्र की नींव होते हैं।

ऐसे अभियान समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। साइकिल क्लब प्रभारी अरुण संतोष मुछाल ने बताया कि अभियान का उद्देश्य आमजन में नियमित साइकिल चलाने की आदत विकसित करना, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है।

उन्होंने सफल आयोजन के लिए पुलिस विभाग, जिला प्रशासन एवं सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

# मनरेगा के 15 लाख के एनीकट पर बढ़ता बवालः कलेक्टर से थाने तक पहुंची शिकायतें, अब 20 परिवारों ने खोला मोर्चा

## निजी हित में बदली गई एनीकट की संरचना का आरोप, किसानों ने जताई खेती चौपट होने की आशंका

▪ स्मार्ट हलचल

**जहाजपुर** / पंचायत समिति की ग्राम पंचायत बेई में मनरेगा योजना के तहत बनाए जा रहे लगभग 15 लाख रुपए के एनीकट को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। पिछले कई दिनों से इस एनीकट को लेकर लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं। पहले ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर निर्माण कार्य में अनियमितताओं और निजी हित साधने के आरोप लगाए थे, वहीं अब एनीकट के समीप स्थित भूमि मालिक भी शक्करगढ़ थाने पहुंच गया है।

लगातार बढ़ते विरोध और शिकायतों के बावजूद ग्रामीणों का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी पूरे मामले को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह विवाद किसी व्यक्तिगत रंजिश का नहीं बल्कि दर्जनों किसान परिवारों के भविष्य का मामला है। क्षेत्र के किसानों का आरोप है कि एनीकट निर्माण की मूल योजना के अनुरूप कार्य नहीं किया गया। उनका दावा है कि निर्माण कार्य में एक प्रभावशाली व्यक्ति को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से संरचना में बदलाव किया गया, जिससे विवाद और गहरा गया है। किसानों के अनुसार एनीकट में लगभग 30 मीटर की दीवार प्रस्तावित थी, लेकिन मौके पर निर्माण इस प्रकार किया गया कि पानी का दबाव और बहाव एक



दिशा में केंद्रित होने की आशंका पैदा हो गई है।

ग्रामीणों का आरोप है कि इससे एक ओर स्थित निजी भूमि को फायदा पहुंचेगा, जबकि दूसरी ओर स्थित किसानों के खेतों में बरसात के दौरान जलभराव की स्थिति बन सकती है। किसानों का कहना है कि यदि ऐसा हुआ तो उनकी कृषि भूमि लंबे समय तक प्रभावित होगी और खेती करना मुश्किल हो जाएगा। सबसे बड़ी चिंता यह है कि इस संभावित प्रभाव की जद में करीब 20 किसान परिवार बताए जा रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र की अधिकांश आबादी खेती पर निर्भर है और यदि खेतों में पानी भरने या भूमि खराब होने की स्थिति बनती है तो परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो सकता है।

किसानों का आरोप है कि समय रहते तकनीकी जांच नहीं करवाई गई तो आने वाले मानसून में स्थिति गंभीर हो सकती है। मामले ने नया मोड़ तब लिया जब एनीकट के पास जमीन रखने वाले किसान ने शक्करगढ़ थाने में लिखित शिकायत देकर निर्माण कार्य पर आपत्ति जताई।

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि वर्तमान स्वरूप में बनाया जा रहा एनीकट भविष्य में किसानों की जमीनों को नुकसान पहुंचा सकता है।

इससे पहले ग्रामीणों द्वारा जिला कलेक्टर को दिए गए ज्ञापन में भी सरकारी राशि के दुरुपयोग और निजी लाभ पहुंचाने के आरोप लगाए गए थे। ग्रामीणों का कहना है कि एक के बाद एक शिकायतें होने के बावजूद अभी तक न तो कोई प्रभावी तकनीकी जांच हुई है और न ही किसानों की आशंकाओं का समाधान किया गया है। यही कारण है कि अब इस मुद्दे को लेकर क्षेत्र में व्यापक जनसमर्थन देखने को मिल रहा है। जानकारी के अनुसार एनीकट विवाद को लेकर अब भील समाज के लोग भी खुलकर सामने आ गए हैं। जिन किसानों की भूमि इस क्षेत्र में स्थित है, वे कल जिला कलेक्टर को सामूहिक ज्ञापन सौंपेंगे। ज्ञापन में पूरे निर्माण कार्य की उच्चस्तरीय जांच, तकनीकी मूल्यांकन, निर्माण की गुणवत्ता की समीक्षा तथा संभावित नुकसान को रोकने के लिए तत्काल हस्तक्षेप की मांग की जाएगी। गौरतलब है कि इस एनीकट विवाद को लेकर पूर्व में भी समाचार पत्रों में खबरें प्रकाशित हो चुकी हैं, लेकिन इसके बावजूद विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है।

अब कलेक्टर कार्यालय से लेकर थाने तक पहुंच चुके इस मामले ने पूरे क्षेत्र का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। किसानों और ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते निष्पक्ष जांच नहीं करवाई गई तो आने वाले दिनों में आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# प्रीमियर लीग (BPL-2026) का भव्य शुभारंभ

▪ स्मार्ट हलचल



**बनेड़ा ।** बनेड़ा प्रीमियर लीग (BPL-2026) रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ कार्यक्रम शनिवार को बड़े हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर शाहपुरा-बनेड़ा विधायक डॉ. लालाराम बैरवा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों तथा क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों से आत्मीय संवाद किया।

ईगल क्रिकेट क्लब एवं समस्त ग्रामवासियों बनेड़ा द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और टीम भावना का उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में राजाधिराज गोपाल चरण सिसोदिया, जिला वालीवाल संघ के अध्यक्ष लक्ष्मी लाल सोनी, भैरू सिंह राणावत, राजेन्द्र बोहरा, बालाराम खारोल, एसडीएम बाबू लाल, सम्पत माली, राजमल माली, कैलाश माली, भैरू लक्षकार, उपसरपंच देबी लाल, जगदीश खटीक, यासीन मोहम्मद छीपा सहित अनेक गणमान्य नागरिक, कार्यकर्ता, खिलाड़ी उपस्थित थे ।

मुख्य अतिथि डॉ. बैरवा ने सभी खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए शुभकामनाएं दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि युवाओं को स्वस्थ, ऊर्जावान और अनुशासित जीवन जीने की प्रेरणा भी देता है।

# बोरिंग चालू करते समय पैर फिसलने से एनिकट में गिरा किसान, डूबने से मौत



▪ स्मार्ट हलचल

**सवाईपुरः-** सदर थाना क्षेत्र के पौंडरास गांव में फसल की पिलाई के लिए बोरिंग चालू करते समय एनिकट में डूबने से एक किसान की मौत हो गई, सदर थाना पुलिस ने जिला चिकित्सालय में शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द किया । एएसआई शैतान सिंह मीणा ने बताया कि पौंडरास निवासी लादू पिता प्यारा भील ने रिपोर्ट दी की उसका छोटा भाई भेरूलाल पिता भूरालाल भील उम्र 53 वर्ष जो शनिवार सुबह 9:00 बजे घर से फसल की पिलाई करने के लिए भैरु पिता मगना भील का खेत जो सिजारे ले रखा, उस खेत पर पिलाई करने खेत पर गया था जो देर शाम तक भी घर नहीं लौटा, इस पर परिजनों ने तलाशी की तो शाम 7 बजे सरकारी एनिकट में पड़ा हुआ मिला, जिसको परिजन जिला चिकित्सालय ले गए, जहां डॉक्टरों ने भेरूलाल को मृत घोषित किया । परिजनों ने बताया कि पिलाई के लिए सरकारी एनिकट में बोरिंग चालू करने के दौरान पैर फिसलने से भेरूलाल एनिकट में गिर गया । रविवार को जिला चिकित्सालय में शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द किया । इस दौरान रूपाहेली प्रशासक प्रतिनिधि ओमप्रकाश जाट मौजूद रहे ।।

# बड़लियास पुलिस ने संडे ऑन साइकिल अभियान के पति जागरुक किया



▪ स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर /** क्षेत्र के बड़लियास थाना पुलिस ने रविवार को साइकिल रैली निकालकर 'संडे ऑन साइकिल' कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाना और नियमित व्यायाम को जीवनशैली का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया । थाना परिसर से साइकिल रैली को थाना प्रभारी जसवंत सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । रैली में पुलिस जवानों सहित ग्रामीण व बच्चों ने भाग लिया और कस्बे वासियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया । साइकिल रैली निर्धारित मार्गो पर साइकिल चलाते हुए फिट इंडिया के संकल्प को मजबूत किया । रैली के समापन बेड़च नदी किनारे स्थित चंवरा के हनुमान जी मंदिर प्रांगण में हुआ । इस अवसर पर थाना प्रभारी ने कहा कि नियमित शारीरिक गतिविधियां न केवल शरीर को स्वस्थ रखती हैं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी बेहद लाभकारी हैं ।।

# ट्रैक्टर चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार, चोरी गया ट्रैक्टर बरामद

## करेड़ा थाना पुलिस की कार्रवाई, सीसीटीवी और तकनीकी जांच से आरोपी तक पहुंची पुलिस

▪ स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** । जिले के करेड़ा थाना पुलिस ने ट्रैक्टर चोरी के एक मामले का सफल खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गया ट्रैक्टर बरामद कर लिया है। पुलिस ने वैज्ञानिक अनुसंधान, सीसीटीवी फुटेज विश्लेषण और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई को अंजाम दिया।

जिला पुलिस अधीक्षक सागर राणा (आईपीएस) के निर्देशन में जिले में चोरी, नकबजनी एवं लूट की वारदातों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहाड़ा बुद्धराज (आरपीएस) तथा वृत्ताधिकारी आसींद ओमप्रकाश (आरपीएस) के सुपरविजन में थाना प्रभारी पुरणमल के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया।




### बाड़े से चोरी हुआ था ट्रैक्टर

पुलिस के अनुसार हाथीपुरा निवासी कांशीराम जाट ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि उनका स्वराज 735 एफई ट्रैक्टर 31 मई की रात को उनके बाड़े से चोरी हो गया। अज्ञात चोर बाड़े का कुंदा तोड़कर ट्रैक्टर चोरी कर ले गए। साथ ही डीजल ड्रम से डीजल भी निकाल लिया गया। घटना की जानकारी अगले दिन सुबह तब हुई जब परिवार के सदस्य बाड़े में पहुंचे।

रिपोर्ट के आधार पर करेड़ा थाने में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई।

150 तक सीसीटीवी फुटेज खंगाले

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने घटनास्थल और आसपास के मार्गों पर लगे करीब 100 से 150 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का विश्लेषण किया। इसके अलावा मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया तथा पूर्व में संपत्ति संबंधी अपराधों में शामिल अपराधियों की गतिविधियों पर निगरानी रखी गई।

पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों के मोबाइल नंबरों की कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) का भी विश्लेषण किया। तकनीकी एवं परंपरागत पुलिसिंग के संयुक्त प्रयासों के बाद पुलिस आरोपी तक पहुंचने में सफल रही।

### आरोपी ने कबूला जुर्म

पुलिस ने मामले में हेमराज बैरवा (22 वर्ष) निवासी पीथास, थाना बागौर, जिला भीलवाड़ा को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने ट्रैक्टर चोरी की वारदात को स्वीकार कर लिया।

आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी किया गया ट्रैक्टर भी बरामद कर लिया है। मामले में आगे की जांच जारी है।

### टीम ने निभाई अहम भूमिका

कार्रवाई में थाना प्रभारी पुरणमल, सहायक उपनिरीक्षक अर्जुन सिंह, कांस्टेबल प्रदीप कुमार, कृष्ण कुमार, जितेंद्र सिंह, भगवान तथा राकेश की विशेष भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों ने टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि संपत्ति संबंधी अपराधों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# बढ़ती महंगाई से आमजन परेशान, केंद्र सरकार राहत दे : सुरेंद्रसिंह जाड़ावत

## गैस सिलेंडर, पेट्रोल-डीजल और आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों पर पूर्व राज्यमंत्री ने साधा निशाना

▪ स्मार्ट हलचल



**चित्तौड़गढ़**, स्मार्ट हलचल। पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत ने घरेलू गैस सिलेंडर, पेट्रोल-डीजल एवं आवश्यक उपभोक्ता वस्तुओं की लगातार बढ़ती कीमतों को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए आमजन को राहत देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई ने आम लोगों का घरेलू बजट पूरी तरह बिगाड़ दिया है और सरकार को इस दिशा में प्रभावी कदम उठाने चाहिए।

जाड़ावत ने जारी बयान में कहा कि घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में हाल ही में फिर वृद्धि की गई है, जिससे पहले से ही आर्थिक दबाव झेल रहे मध्यम वर्ग, किसान, मजदूर और गरीब परिवारों की परेशानियां और बढ़ गई हैं। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ रही महंगाई के कारण आमजन की क्रय शक्ति प्रभावित हो रही है तथा घर-गृहस्थी चलाना कठिन होता जा रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने सत्ता में आने से पहले महंगाई कम करने और आम जनता को राहत देने का वादा किया था, लेकिन वर्तमान में रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल, खाद्य सामग्री तथा दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है। इसका सीधा असर आम परिवारों के जीवन स्तर पर पड़ रहा है।

पूर्व राज्यमंत्री ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जीएसटी लागू करते समय कर प्रणाली को सरल बनाने और वस्तुओं को सस्ता करने का दावा किया गया था, लेकिन वर्तमान स्थिति में आम उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ता दिखाई दे रहा है।

जाड़ावत ने कहा कि बढ़ती महंगाई के कारण परिवारों की बचत लगातार घट रही है, छोटे व्यापार प्रभावित हो रहे हैं और युवाओं व कर्मचारियों की आय की तुलना में खर्च तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में आमजन को राहत पहुंचाने के लिए ठोस आर्थिक कदम उठाने की आवश्यकता है।

उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में राहत दी जाए, पेट्रोल एवं डीजल पर करों की समीक्षा कर आमजन को राहत पहुंचाई जाए तथा आवश्यक उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी उपाय किए जाएं।

जाड़ावत ने कहा कि महंगाई पर नियंत्रण और आमजन को राहत देना किसी भी सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। जनता अब महंगाई के मुद्दे पर जवाब चाहती है और सरकार को इस दिशा में गंभीरता से कदम उठाने चाहिए।

# चारभुजा मंदिर से निकली भव्य कलश यात्रा, शिव महापुराण कथा का हुआ शुभारंभ

▪ स्मार्ट हलचल

**रायला**। कस्बे के आनंद विश्राम कुंज में रविवार से श्रीमद् शिव महापुराण कथा महोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। इस धार्मिक अनुष्ठान के तहत रविवार सुबह 8 बजे रायला चारभुजा मंदिर से एक विशाल एवं भव्य 51 कलश शोभायात्रा निकाली गई। पुरुषोत्तम पवित्र अधिक मास के पावन उपलक्ष्य में आयोजित इस कथा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा गया। शोभायात्रा में महिलाएँ व पुरुष पारंपरिक रंग-बिरंगे परिधानों में सजे-धजे नजर आए। महिलाएँ सिर पर मंगल कलश धारण कर बैंड-बाजे और ढोल-नगाड़ों की थाप पर जयकारे लगाते हुए चल रही थीं। इस दौरान पूरा माहौल शिवभक्ति के भजनों की धुन से गुंजायमान हो उठा, जिस पर महिला-पुरुष श्रद्धालु भावविभोर होकर नृत्य करते नजर आए। महिला सत्संग मंडल एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से



इस भव्य आयोजन की शुरुआत की गई है। कथावाचक पंडित दुर्गेश चतुर्वेदी (रामपुरिया, मध्य प्रदेश) द्वारा कथा स्थल आनंद विश्राम कुंज, रायला में 7 जून से 13 जून तक प्रतिदिन प्रातः काल 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होगी। कथा के प्रथम दिन माहात्म्य पर प्रकाश डालते हुए रामपुरिया (एमपी) से पधारे सुप्रसिद्ध कथावाचक पंडित दुर्गेश चतुर्वेदी ने कहा कि जो जीव और शिव को एकाकार (एक) कर दे, वही ग्रंथ महाशिवपुराण है। इस पावन कथा का केवल श्रवण मात्र ही मनुष्य के समूल पापों के विनाश का सबसे सरल माध्यम है। पंडित ने भावपूर्ण शब्दों में कहा मनुष्य हमेशा जानबूझकर पाप नहीं करता, कई बार अनजाने में मन, कर्म और वाणी से भूल हो जाती है। कुसंगति, लालच, लोभ, काम या भोग के अधीन होकर भी इंसान गलतियाँ कर बैठता है। यदि इन पापों से शीघ्र मुक्ति और शांति चाहिए, तो सच्चे हृदय से भगवान शिव के समक्ष प्रायश्चित करें। शिव से बड़ा दानी, दयालु और कृपालु इस ब्रह्मांड में और कोई नहीं है। कथा के दौरान बिंदु और उसकी पत्नी चंचुला के पौराणिक प्रसंग का मार्मिक वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि नारी के लिए सर्वश्रेष्ठ धर्म पति-सेवा है। जो नारियां पतिव्रत धर्म का पालन करती हैं, वे इस लोक और परलोक दोनों ही जगह वंदनीय हो जाती हैं। उन्होंने सभी को भगवान शिव की तरह उपकारी और परोपकारी बनकर जीवन बिताने तथा हमेशा सकारात्मक विचार, सद्भावना व मानव कल्याण के लिए प्रयासरत रहने का संदेश दिया। यह कथा आगामी 13 जून तक अनवरत जारी रहेगी, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु रोजाना अमृत वर्षा का आनंद लेंगे।

# देवपुरा गांव जाने वाली सड़क के हाल बदहाल, गड्ढे बन रहे है मुसीबत



▪ स्मार्ट हलचल

**बनेड़ा** - उपखण्ड सर्किल के चमनपुरा ग्राम पंचायत के देवपुरा गांव जाने वाली सड़क के पुरी तरह से क्षतिग्रस्त होने के कारण लोगों को काफी परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है। चमनपुरा पंचायत के वार्ड न 9 देवपुरा गांव को पंचायत मुख्यालय से जोडने वाली सड़क पुरी तरह से क्षतिग्रस्त होने के जगह जगह पर बड़े बड़े गड्ढे पडे होने के कारण इन गड्ढों मे बरसाती पानी के भर जाने से राहगीरों के साथ ही दुपहिया वाहन चालकों को काफी परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है। मगर फिर भी जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इस और ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणों द्वारा बार बार स्थानीय पंचायत प्रशासन के साथ ही अधिकारियों और जनप्रतिनिधीयो को भी अपनी समस्या से अवगत कराया गया। मगर हर बार उन्हें सिवाय आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिल पाया है। ग्रामीणों का कहना है कि पुर्व की गहलोत सरकार द्वारा शाहपुरा को नया जिला बनाया गया था। जिसमें से बनेड़ा उपखण्ड की चमनपुरा सहित पांच पंचायतों को मांडल मे शामिल किया गया था। उस समय भी ग्रामीणो ने सडक समस्या के निराकरण की मांग उठाई थी। मगर फिर हालत नहीं सुधरे। तथा बाद में शाहपुरा जिला समाप्त होने के बाद पांचों पंचायते पुन बनेड़ा उपखण्ड सर्किल में शामिल कर दी गई।

# हसील माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष चुनाव में दिखी कांटे की टक्कर, सोमानी एक वोट से हुए निर्वाचित

▪ स्मार्ट हलचल

बनेड़ा - **बनेड़ा तहसील माहेश्वरी सभा के निर्वाचन सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुए।**

निर्वाचन प्रक्रिया के तहत घाटी के हनुमान जी बनेड़ा मैं अध्यक्ष पद के चुनाव मे रायला निवासी रतनलाल सोमानी ने कांटे की टक्कर में रामबाबू न्याति को तहसील अध्यक्ष के पद पर एक वोट के अंतर से हराया चुनाव प्रक्रिया को सफलतापूर्वक एवं निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराने में चुनाव अधिकारी लक्ष्मी नारायण मुंदडा बनवारी लाल काबरा एवं जिला पर्यवेक्षक ओमप्रकाश गंदोडया एवं अशोक सोमानी की महत्वपूर्ण भूमिका रही इनके मार्गदर्शन में पूरी चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुई।

**चुनाव प्रक्रिया में अन्य पद मंत्री**



**श्रीपुरुषोत्तम नुवाल**
**जिला प्रतिनिधि**
**1 रामपाल गगगड़**
**2 सत्य नारायण लड्डा**
**3 सोहन लाल गंडोदिया**
**4 गोवर्धन लाल सोमानी**
**5 कमलेश भंडारी**

निर्वाचित घोषित किया गया चुनाव में महेश्वरी समाज बनेड़ा रायला एवं आसपास के गांव रूपा हेली उपरेडा मुसी के मतदाताओं ने भाग लिया समाज के वरिष्ठ जन् एवं गणमान्य नागरिक निर्मल कुमार अजमेरा ओम प्रकाश न्याति किशन लाल सोडाणी लादूराम गगरानी ओम प्रकाश सोमानी गिरिराज सोमानी बालकिशन सोडाणी रामनारायण नूवाल सुरेश चंद्र दरगड गोपाल सांमरिया अरविंद सोमानी आदि उपस्थित रहे बाद में नवनिर्वाचित पदाधिकारी का ग्राम बनेड़ा में बस स्टैंड से लेकर चारभुजा जी के मंदिर तक विजय जुलूस निकाला गया जिसमें पवन कोठारी सुनील कोठारी राम चेतन गगरानी दर्शन सोडाणी इत्यादि कई नागरिकों ने स्वागत एवं सम्मान किया।

# वाहनों के बनाए चालान

▪ स्मार्ट हलचल

**बनेड़ा** - थाना पुलिस द्वारा रविवार को MV एक्ट के तहत 15 वाहनों के चालान बनाए गए। थाना प्रभारी राजुराम काला ने बताया कि थाना पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालो के खिलाफ अभियान के तहत वाहन की संरचना बॉडी चेचिस में अवैध परिवर्तन - 2. अनाधिकृत लाल बत्ती नीली बत्ती प्रेशर स्टॉप लाइट एवं हुटर -2. प्रेशर हॉर्न/ एयर हॉर्न-01. ब्लैक फिल्म- 5. वाहन पर अनाधिकृत शब्द चिन्ह लेखन - 4. नियम विरुद्ध नंबर प्लेट एवं पंजीकरण चिन्ह-1 के चालान बनाए गए।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। सह. सम्पादक मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com

# मानसून से पहले बनास नदी की पुलिया का निर्माण अधर में, ग्रामीणों की बढ़ी चिंता

## ठेकेदार ने काम रोका, एमपी को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर हादसे की आशंका; विधायक बोले- मानसून से पहले काम होगा पूरा

▪ स्मार्ट हलचल

**आकोला** । कस्बे से होकर गुजरने वाली बनास नदी की पुलिया का निर्माण कार्य पिछले कुछ समय से अधरझूल में लटका हुआ है। गत वर्ष सितंबर माह में मातृकुंडिया बांध से छोड़े गए पानी के तेज बहाव के कारण पुलिया का एक हिस्सा टूटकर बह गया था, लेकिन ९ माह बीत जाने के बाद भी इसका कोई स्थायी समाधान नहीं हो सका है। सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा पुलिया निर्माण के लिए स्वीकृति जारी होने के बाद ठेकेदार ने करीब २०० मीटर हिस्से को हटाकर नींव का कार्य तो शुरू किया और आवागमन के लिए एक वैकल्पिक रास्ता भी बनाया, लेकिन इसके बाद अचानक निर्माण कार्य बंद कर दिया गया। ग्रामीणों का आरोप है



कि ठेकेदार और विभाग के अधिकारियों के बीच आपसी समन्वय की कमी के कारण यह महत्वपूर्ण कार्य बंद पड़ा है। यह मार्ग राजस्थान को मध्य प्रदेश से जोड़ने वाला मुख्य संपर्क मार्ग है, जिससे प्रतिदिन हजारों छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं। अब मानसून का समय नजदीक आने के कारण ग्रामीणों को आवागमन पूरी तरह बाधित होने और लंबा चक्कर लगाने की चिंता सताने लगी है। इसके अतिरिक्त पुलिया पर पर्याप्त चेतावनी संकेतक (साइन बोर्ड) नहीं लगाए गए हैं, जिससे रात के समय गूगल मैप के भरोसे आने वाले बाहरी वाहन चालक गुमराह हो रहे हैं और यहाँ किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से निर्माण कार्य को तत्काल प्रभाव से दोबारा शुरू कराने की मांग की है।

**इनका कहना है:**

बनास नदी की इस पुलिया का निर्माण कार्य मानसून की शुरुआत से पहले शीघ्र ही पूरा करवा लिया जाएगा।
**- गोपाल खंडेलवाल, विधायक**

ठेकेदार द्वारा पुलिया का निर्माण कार्य बीच में ही अधूरा छोड़ने की आधिकारिक सूचना उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है। इसके साथ ही विभाग द्वारा नई निविदा (टेंडर) प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यह प्रक्रिया पूरी होते ही निर्माण कार्य पुनः शुरू करवा दिया जाएगा।
**- ऋषिकांत बेरवा,** सहायक अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, कोटड़ी

# गुर्जर गौड समाज की साधारण सभा में कार्यकारिणी का गठन



▪ स्मार्ट हलचल

**बनेड़ा** - श्री गुर्जर गॉड ब्राह्मण समाज विकास समिति ग्रामीण क्षेत्र मुख्यालय महुआ खुर्द की रविवार को सिंदरी के बालाजी श्री देवनारायण मंदिर पर समिति की साधारण सभा का आयोजन किया गया । सुरेश चंद्र शर्मा महुआ खुर्द ने बताया कि साधारण सभा के दौरान सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नव गठित कार्यकारिणी में अध्यक्षनंदकिशोर आचार्य (उदलियास) उपाध्यक्ष कैलाश चंद्र तिवारी (ढोकलिया) तथा भेरूलाल आचार्य (जोरावरपुरा) कोषाध्यक्ष गोपाल लाल उपाध्याय (महुआ खुर्द) सचिव सुरेश चंद्र शर्मा (महुआ खुर्द) तथा सह सचिव चंद्रशेखर शर्मा (आरजिया ) को मनोनीत किया गया समाज के वयोवृद्धि समाजसेवी रामकुमार उपाध्याय ने नई कार्यकारिणी को माला पहनकर बधाई दी

सभा के अध्यक्ष सीताराम उपाध्याय ने समिति के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया समिति के उपस्थित सदस्यों ने अपने-अपने विचार रखते हुए नई कार्यकारिणी को बधाई दी।

# जोगणिया माता में नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर संपन्न, 315 रोगियों को मिला लाभ

▪ स्मार्ट हलचल

**लाडपुरा** । श्री जोगणियाँ माता शक्ति पीठ प्रबन्ध एवं विकास संस्थान द्वारा सप्त दिवसीय शिव शक्ति महायज्ञ स्वर्ण कलश प्रतिष्ठा वार्षिक महोत्सव (पाटोत्सव) के अवसर पर सिद्धि विनायक हॉस्पिटल, भीलवाड़ा के सहयोग से एक दिवसीय नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान लगभग 315 मरीजों का नि:शुल्क परामर्श व स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गईं। इस दौरान गंभीर स्थिति से पीड़ित पाए गए लगभग 80 मरीजों को चिह्नित कर उन्हें



नि:शुल्क ऑपरेशन के लिए भीलवाड़ा रेफर किया गया है। शिविर में हृदय रोग, यूरोलॉजी, गैस्ट्रोलॉजी सर्जरी, स्त्री व प्रसूति रोग, नाक-कान-गला (ENT) और जनरल फिजिशियन सहित विभिन्न सुपर स्पेशलिटी विशेषज्ञों ने सेवाएं दीं। संस्थान के अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी ने भीलवाड़ा से आए सभी वरिष्ठ चिकित्सकों एवं स्टाफ को माता की तस्वीर व प्रसाद भेंट कर उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के लिए ऐसे शिविर महत्वपूर्ण हैं। समाज के अंतिम छोर तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए इस प्रकार के शिविर निरंतर आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर सिद्धि विनायक हॉस्पिटल के डॉक्टर दुष्यंत शर्मा ने कहा कि जोगणिया माता संस्थान द्वारा श्रद्धालुओं की सेवा और सनातन धर्म व वेदों के प्रचार-प्रसार हेतु किए जा रहे कार्य अनुकरणीय हैं। उन्होंने संस्थान के सेवादारों के कार्यों की सराहना करते हुए पावन तीर्थ के विकास की कामना की।

# दोस्त के साथ मारपीट करने वाले तीन दोस्त गिरफ्तार



▪ स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर** :- नेशनल हाईवे 758 पर सोपुरा चौराहे पर गुरुवार रात्रि को जोगणियां माता के दर्शन करने जा रहा अजमेर जिले के युवक के साथ मारपीट करने वाले तीन दोस्तों को गिरफ्तार किया । थाना प्रभारी जसवंत सिंह ने बताया कि प्रार्थी घायल युवक ओमप्रकाश पिता देवकरण गुर्जर निवासी माकड़वाली, थाना कृष्णगंज, अजमेर के साथ अजमेर से जोगणिया माता घूमने आये दोस्तों ने अपने साथी दोस्तों ने ओमप्रकाश के साथ शराब पीकर शराब के नशे में आपसी बोलचाल होने पर ओमप्रकाश गुर्जर पर जानलेवा हमला कर घायल किया, जिस पर थाना बडलियास द्वारा कार्रवाई कर तीन मुल्जिम राकेश पिता हिरा लाल जाति चोधरी उम्र 20 साल निवासी तिलोनिया थाना बॉदर सिंदरी जिला अजमेर, देवेन्द्र उर्फ देवा पिता सुखराम गुर्जर उम्र 26 साल निवासी बडगांव थना शहर थाना किशनगढ जिला अजमेर, राहुल पिता सरदार जी गुर्जर जाति गुर्जर उम्र 21 साल निवासी पाटन थाना बॉदरसिंदरी जिला अजमेर को गिरफ्तार किया गया ।।

# माहेश्वरी समाज धूमधाम से मनाएगा महेश नवमी महोत्सव

▪ स्मार्ट हलचल

**किक्रेट, महेश प्रो कब्डी, योगा, रक्तदान, "हास्य हंगामा 2, महाअभिषेक, छप्पन भोग, शोभायात्रा सहित विविध आयोजन होंगे आयोजित**



**भीलवाड़ा**। श्रीनगर माहेश्वरी सभा भीलवाडा के तत्वाधान में माहेश्वरी समाज द्वारा महेश नवमी महोत्सव इस वर्ष श्रद्धा, उत्साह एवं धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। महोत्सव को लेकर समाजजनों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है तथा विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। कार्यक्रम को लेकर आजाद नगर स्थित एमपीएस स्कूल में आयोजित पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते संयोजक अतुल राठी व नगर अध्यक्ष केदार गगरानी ने बताया कि महोत्सव की शूरूआत 7 जुन को प्रथम रक्तदान शिविर से होगी। तथा उसी शाम को 'मंथन' भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन रामेश्वरम भवन में किया जायेगा। साथ ही 08 से 21 जुन तक खेलकुद महोत्सव का आयोजन महेश स्पोर्टस एकेडमी किया जायेगा। जिसमें महेश प्रो कबड्डी प्रतियोगिता (डे नाईट), 08 से 11 जुन तक, 08 से 10 जुन तक वॉलीबॉल शूटिंग (डे नाईट), प्रतियोगिता, 10 से 12 जुन तक बैडमिंटन प्रतियोगिता, 12 से 14 जुन तक शतरंज, 11 से 13 जुन तक पिकल बॉल, 13 जुन को स्केटिंग, 13 से 14 जुन तक टेबल टेनिस प्रतियोगिता, 14 जून को चेयर रेस, 17 से 18 जुन तक केरम, 20 जून को धीमी गति बाईक रेस, 20 जुन को कपल रिले दोड़ प्रतियोगिता होगी। सह संयोजक सुरेश बिरला व कृष्ण गोपाल राठी, अर्चित मून्द्रडा ने बताया कि खेलकुद महोत्सव के तहत 12 से 21 जुन तक माहेश्वरी क्रिकेट प्रतियोगिता (डे नाईट), तथा 09 जुन से 11 जुन तक महिला क्रिकेट प्रतियोगिता होगी। साथ ही महेश नवमी महोत्सव के तहत नगर माहेश्वरी महिला संस्थान द्वारा तीन दिवसिय रचनात्मक प्रतियोगिता श्री महेश पब्लिक स्कुल में आयोजित की जायेगी। जिसमें मम्मी बुलाओ-बेबी आओ, क्ले किएशन-सिंबलिग कनेक्शन, बाल भक्ति संग हनुमान चालीसा प्रस्तुति, ममता की पाठशाला-संस्कारो की दौड़, कोन बनेगा माहेश्वरी मांइड मास्टर, सास और बहु-रिश्तो की रेप वॉक, नारी मांडना, इन्फलुएंसर विद मॉम (रिल छोटी हो, एहसास गहरा हो) सहित अन्य कई प्रतियोगिता शामिल है। तथा महेश नवमी की पुर्व संध्या पर 22 जून सोमवार को "हास्य हंगामा-2 (सीजन-2)" का भव्य आयोजन रात्रि 8 बजे से रामेश्वरम भवन भीलवाड़ा में किया जाएगा। जिसमें कार्यक्रम में देश के प्रसिद्ध हास्य एवं व्यंग्य कवि हरिओम पंवार, सुरेश अलबेला, अनिल अग्रवंशी, आयुषी रायचंदा एवं डॉ. आदित्य जैन अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को हंसी के रंग में सराबोर करेंगे। मिडिया प्रभारी पंकज पोरवाल ने बताया कि 23 जुन को सुबह 7.00 बजे बालाजी मार्केट स्थित श्री बालाजी मंदिर में प. आशुतोष शर्मा के सानिध्य मे भगवान महेश का महाभिषेक तथा नगर माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा विभिन्न क्षेत्रीय सभाओ में अभिषेक होगा। इसी दिन चारभुजा नाथ बड़ा मंदिर में 56 भोग के तहत सुबह 5.15 बजे अभिषेक, 9.15 बजे दर्शन एवं भजन, प्रातः 11.00 बजे ध्वजा पताका स्थापना, प्रातः 11.15 बजे छप्पन भोग, दोपहर 12.15 बजे महाआरती व प्रसाद वितरण होगा। 23 जुन को शाम 4.30 बजे राजेन्द्र मार्ग से शोभायात्रा निकाली जायेगी। तथा शाम 6.00 बजे रामेश्वरम में लगभग 18 हजार माहेश्वरी बधुओ का सामूहिक स्नेह भोज होगा। सभा के पदाधिकारीयो ने समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की गई है।

# बद्रीलाल गुप्ता की आंखों से दो नेत्रहीनों को मिलेगी नई नेत्र ज्योति

▪ स्मार्ट हलचल

**भवानीमंडी** /दुख की घड़ी में भी दूसरों के जीवन में उजाला भरने का एक प्रेरणादायक उदाहरण भवानीमंडी नगर में फिर से सामने आया है, क्षेत्र के हजारों ग्रामीण लोगों को सीमित खर्चों में तीर्थ यात्रा करवाने वाले बद्रीलाल गुप्ता का शनिवार को एक दुर्घटना में देहांत हो गया, अत्यंत दुख के समय में भी परिवार के द्वारा साहसिक निर्णय लेकर उनका नेत्रदान करवाया गया, यह नगर से 158 वां नेत्रदान हुआ है। भारत विकास परिषद एवं शाइन इंडिया फाउंडेशन के नेत्रदान संयोजक कमलेश गुप्ता दलाल ने बताया कि मेड़तवाल समाज अध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता के भतीजे बद्रीलाल गुप्ता मोटरसाइकिल से झालरापाटन जा रहे थे, रास्ते में अज्ञात वाहन से दुर्घटनाग्रस्त होने पर गंभीर स्थिति में उनको झालावाड़ मेडिकल कॉलेज ले जाया गया परंतु रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया, अप्रत्याशित हादसे से स्तब्ध पुत्र श्रीनाथ, केदार एवं नंदकिशोर ने इस गहरे शोक में भी मानवता का परिचय देते हुए पिता के नेत्रदान का परोपकारी निर्णय लिया एवं पार्षद राजकुमार गुप्ता की सूचना पर कोटा से शाइन इंडिया फाउंडेशन की टीम ने ज्योति-रथ से भवानीमंडी पहुंचकर उपस्थित परिवारजनों के सामने नेत्रदान प्रक्रिया संपादित करके कॉर्निया प्राप्त किया। नेत्रदान प्रक्रिया में लक्ष्मीनारायण, अजय, रामकिशन, पुरुषोत्तम, कैलाश, जयप्रकाश गुप्ता एवं डॉ मयंक जैन आदि ने सहयोग किया। ईबीएसआर के बीबीजे चैप्टर कोऑर्डिनेटर डॉ कुलवंत गौड़ के अनुसार नेत्रदानी बद्रीलाल गुप्ता का कॉर्निया अच्छा पाया गया है, जिसे आई बैंक जयपुर भिजवा दिया गया है जहां यह दो नेत्रहीनों को नई ज्योति प्रदान कर सकेगा। समाज उपाध्यक्ष गोविंद गुप्ता ने आगे और बताया कि बद्रीलाल गुप्ता एक तीर्थ यात्रा कंपनी का संचालन करते हुए, न्यूनतम खर्चों पर नगर, समाज और क्षेत्र के हजारों लोगों को देश के विभिन्न धार्मिक स्थानो की यात्रा करवा रहे थे एवं उनके निधन का समाचार जैसे ही क्षेत्र में प्रसारित हुआ हजारों धर्मावलम्बियों ने गहरा शोक प्रकट किया। कमलेश गुप्ता दलाल के अनुसार यह भवानीमंडी नगर से 158 वां नेत्रदान है।

### एमपीएस स्कूल और सांवरिया रिसॉर्ट में हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन

# महेश नवमी महोत्सव 2026 के 17 दिवसीय कार्यक्रमों का रक्तदान शिविर से हुआ भव्य आगाज

▪ स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा**। श्रीनगर माहेश्वरी सभा भीलवाडा के तत्वाधान में आयोजित महेश नवमी महोत्सव के कार्यक्रमों की श्रृंखला का शुभारंभ रविवार को विशाल रक्तदान शिविर के साथ हुआ। जिसमें 255 युनिट रक्त संग्रहित किया गया। समाज के युवाओं, महिलाओं एवं वरिष्ठजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए मानव सेवा और सामाजिक सरोकार का परिचय दिया। संयोजक अतुल राठी ने बताया की बांगड़ माहेश्वरी मेडिकल वेलफेयर सोसायटी के सहयोग से दक्षिणी राजस्थान, जिला एवं नगर माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा पहले चरण में दो रक्तदान शिविर आयोजित किए गए। प्रथम शिविर आजाद नगर स्थित एमपीएस स्कूल में और दूसरा तेजसिंह सर्किल स्थित सांवरिया रिसॉर्ट में लगाया गया। जिसमें एमपीएस स्कूल में 120 व सांवरिया रिसॉर्ट में 135 युनिट रक्त संगहित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान कर जरूरतमंदों के जीवन बचाने का संकल्प लिया। केशव हॉस्पिटल एवं महात्मा गांधी हॉस्पिटल की चिकित्सा टीमों ने रक्त संग्रहण एवं स्वास्थ्य



परीक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान महेश की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। सह संयोजक सुरेश बिड़ला, केजी राठी व अर्चित मुन्द्रडा ने बताया की उक्त शिविर में शहर कोतवाल हनुमान सिंह चौधरी के साथ ही समाज के राधेश्याम चेचाणी, केलाश कोठारी, राधेश्याम सोमानी, अशोक बाहेती, प्रदीप बल्दवा, रमेश राठी, रामकिशन सोनी, सुशील मारोठिया, महेन्द्र काकानी, राधेश्याम सोमानी (मरूधरा), ओम नरानीवाल, राजेंद्र कचोलिया, कृष्ण गोपाल जागेटिया सत्यनारायण मूंदड़ा, केदार जागेटिया, प्रहलाद नुवाल, सुनील बियानी, विनय माहेश्वरी, गोपाल नरानीवाल, प्रमोद डाड, मनोहर अजमेरा, दिनेश हेडा, रामकुष्ण पोरवाल, अंकित लखोटिया ने अवलोकन कर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए समाजहित में रक्तदान को महादान बताया गया। शिविर की व्यवस्थाओं के संचालन में रक्तदान मुख्य प्रभारी तरूण सोमाणी, राकेश काबरा, महेश जाजू और अंकित सोमानी सहित चंद्रशेखर आजाद नगर कमलेश काबरा, बापू नगर कैलाश लखोटिया, बसंत विहार परीक्षित नामधर, आजाद नगर लादूलाल सोमानी, पुर गोपाल किशन पलोड, काशीपुरी पुनीत सोनी, शास्त्रीनगर भेरूलाल सोमानी, तिलक नगर अशोक तुरकिया, व सुशील बांगड़, महिला संगठन की अध्यक्षा अंकिता कोगटा, सचिव मोनिका नकलक तथा युवा अध्यक्ष सुधीर अजमेरा एवं सचिव प्रीतम बाहेती का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी रक्तदाताओं, चिकित्सकों एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए समाज को सेवा कार्यों में निरंतर आगे आने का संदेश दिया।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर प्लास्टिक जागरूकता, श्रमदान एवं पौधरोपण , पर्यावरण संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित हुए

▪ स्मार्ट हलचल

**चित्तौड़गढ़**। माय भारत केंद्र चित्तौड़गढ़ के तत्वावधान में तथा सहायक लेखाकार कुलदीप प्रजापत के निर्देशन में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ब्लॉक डूंगला में विभिन्न पर्यावरण संरक्षण गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन मदर टेरेसा महिला मंडल अध्यक्ष श्वेता सामर के नेतृत्व में माय भारत वॉलंटियर्स एवं स्वास्तिक कंप्यूटर एजुकेशन के सहयोग से किया गया।

इस अवसर पर एलवा माता मंदिर परिसर में प्लास्टिक जागरूकता अभियान एवं श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विशेष भागीदारी सुरेश प्रजापत की रही। कार्यक्रम के दौरान आमजन को प्लास्टिक बैग का उपयोग नहीं करने तथा पर्यावरण हितैषी विकल्प अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। वहीं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, डूंगला में मंडल सदस्य एकता




सामर द्वारा पक्षियों के लिए पेड़ों पर परिंडे लगाए गए तथा पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर कॉलेज स्टाफ लालचंद सालवी, हेमेंद्र, नारायण लाल सुथार एवं योगेश जी उपस्थित रहे। राजकीय महाविद्यालय डूंगला में श्वेता सामर द्वारा विद्यार्थियों का माय भारत पोर्टल पर पंजीकरण करवाया गया तथा पर्यावरण विषयक प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इस दौरान आयोजित संगोष्ठी में विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया गया।

सुरेश प्रजापत ने उपस्थित जनों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाते हुए कहा कि आज पूरा विश्व जलवायु परिवर्तन और बढ़ती गर्मी की चुनौती का सामना कर रहा है। ऐसे में विश्व पर्यावरण दिवस केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि भविष्य को सुरक्षित बनाने का संकल्प है। उन्होंने सिंगल-यूज प्लास्टिक के त्याग, जल स्रोतों के संरक्षण तथा हरित जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। साथ ही इस वर्ष के वैश्विक संदेश 'जलवायु के लिए अभी कार्रवाई' को अपनाते हुए प्रत्येक नागरिक से पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य राजेश शर्मा, सहायक आचार्य आशीष मीणा, शैलेश, डॉ. कुसुम लता, चंद्रलेखा पुरोहित, हर्ष पटेल, नीतू राजावत सहित महाविद्यालय स्टाफ का विशेष सहयोग रहा। साथ ही वार्ड पंच भगवती तेली एवं मंडल सदस्य सुरेश प्रजापत, लोकेश जणवा ,दीपक व्यास, शिव लाल मीणा,देवराज सिंह, रोनक मीणा, हितेश मीणा, ज्योति जणवा,नम्रता जणवा,पूजा गर्ग ,चारुल सरगरा सहित सदस्य ने कार्यक्रम में संपूर्ण उपस्थित रहे।

# ब्यावर जिला पुलिस ने साइकिल रैली निकालकर दिया सेहत और पर्यावरण संरक्षण का संदेश

▪ स्मार्ट हलचल

**ब्यावर** / जिला पुलिस द्वारा आज रविवार को स्वास्थ्य जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक शानदार पहल करते हुए “Sunday on Cycle” अभियान का सफल आयोजन किया गया। इस विशेष साइकिल रैली को जिला पुलिस अधीक्षक (एसपी) श्री रतन सिंह ने हरी झंडी (फ्लैग ऑफ) दिखाकर रवाना किया। रैली में पुलिस अधिकारियों, जवानों और आम नागरिकों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया।

ईंधन की बचत और सेहत सुधारने पर जोर

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पुलिस कार्मिकों और आम जनता में स्वास्थ्य के प्रति चेतना जगाना, लगातार बढ़ते



प्रदूषण को रोकने के लिए पर्यावरण का संरक्षण करना और ईंधन की बचत को प्रोत्साहित करना रहा। भागदौड़ भरी जिंदगी और तनावपूर्ण ड्यूटी के बीच पुलिसकर्मियों को शारीरिक रूप से फिट रखने के लिए इस मुहिम को बेहद अहम माना जा रहा है।

'नियमित साइकिलिंग केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि यह 'फिट पुलिस, स्वच्छ पर्यावरण एवं सुरक्षित शहर' की दिशा में हमारा एक मजबूत कदम है। इससे न सिर्फ ईंधन बचेगा, बल्कि हमारी आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ हवा भी मिलेगी।'

— **रतन सिंह, जिला पुलिस अधीक्षक, ब्यावर**

शहरवासियों ने की पहल की सराहना

रैली के दौरान 'फिट और सुरक्षित शहर' के नारों के साथ पुलिस के जवानों ने पूरे शहर में साइकिल चलाई, जिसे देखकर स्थानीय नागरिकों ने भी पुलिस की इस ग्रीन और फिट मुहिम का स्वागत किया। पुलिस अधिकारियों ने आमजन से अपील की है कि वे अपनी दिनचर्या में कम से कम छोटे कामों के लिए गाड़ियों की जगह साइकिल का इस्तेमाल करें, ताकि एक स्वस्थ जीवनशैली (Healthy Lifestyle) को अपनाया जा सके।

# कटारिया परिवार की स्मृति में लगा विशाल चिकित्सा शिविर, सैकड़ों ने लिया निःशुल्क परामर्श और जाँचों का लाभ



▪ स्मार्ट हलचल

**ब्यावर**। नर सेवा ही नारायण सेवा है, इसी मूल मंत्र को चरितार्थ करते हुए रविवार को ब्यावर में एक विशाल निःशुल्क चिकित्सा जाँच एवं परामर्श शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर श्री विद्यासागर युवा संगठन (ब्यावर) एवं श्री महावीर इंटरनेशनल डायमंड (ब्यावर) के संयुक्त तत्वावधान में तथा आदिनाथ मेडिसिटी (अजमेर) के तकनीकी सहयोग से आयोजित हुआ। सूरजपोल गेट के बाहर स्थित श्री दिगंबर जैन पंचायती नसियाँ में आयोजित इस शिविर का लाभ उठाने के लिए ब्यावर शहर सहित आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में जरूरतमंद लोग पहुँचे।

णमोकारमहामंत्रकेसाथहुआशुभारंभ

यह भव्य चिकित्सा शिविर पूज्यनीय स्व. श्री रतनलाल जी एवं स्व. श्रीमती किरण देवी कटारिया की पुण्य स्मृति में कटारिया परिवार द्वारा प्रायोजित किया गया था। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथियों, चिकित्सकों और कटारिया परिवार के सदस्यों द्वारा फीता काटकर और णमोकार महामंत्र के सामूहिक जाप के साथ किया गया। समारोह के दौरान आयोजन समिति द्वारा पधारे हुए अतिथियों का माला व साफा पहनाकर पारंपरिक स्वागत किया गया, साथ ही सेवाएँ देने आए सभी डॉक्टरों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

गंभीर बीमारियों की जाँच और परामर्श बिल्कुल मुफ्त

शिविर के दौरान मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ देने के लिए अजमेर के प्रसिद्ध आदिनाथ मेडिसिटी के अनुभवी डॉक्टरों की टीम मौजूद रही। शिविर में मुख्य रूप से निम्नलिखित सेवाएँ दी गईं:

**निःशुल्क जाँचें:** ब्लड प्रेशर (BP), शुगर, ईसीजी (ECG) और कैंसर से संबंधित प्रारंभिक जाँचें मौके पर ही मुफ्त की गईं।

**विशेषज्ञ डॉक्टरों का परामर्श:** कैंसर, लिवर, हृदय रोग, नेत्र रोग, दंत रोग और अन्य सामान्य व गंभीर बीमारियों के मरीजों को उचित मार्गदर्शन व दवाइयों की सलाह दी गई।

डॉक्टरों की सलाहः शिविर में आए विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों की जाँच करने के साथ ही उन्हें जागरूक करते हुए कहा कि बदलती जीवनशैली में गंभीर बीमारियों से बचने के लिए समय-समय पर नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराना बेहद जरूरी है।

इन विख्यात चिकित्सकों ने दी सेवाएँ

शिविर में अपनी निःस्वार्थ सेवाएँ देने के लिए अजमेर से विशेषज्ञ डॉक्टरों की पूरी टीम पहुँची थी, जिसमें प्रमुख रूप से शामिल

डॉ. अभिषेक न्याती, डॉ. आकाश जैन, डॉ. आयुष जैन, डॉ. हीना व्यास, डॉ. मुकेश मौर्य, डॉ. पूर्वी मालिक और डॉ. सी.एल. परिहार।

समाज ने की सेवा कार्य की सराहना

इस पुनीत कार्य में कटारिया परिवार (ब्यावर एवं जयपुर) का विशेष वित्तीय और नैतिक सहयोग रहा। इसके साथ ही व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संभालने में श्री विद्यासागर युवा संगठन के उत्साही सदस्यों और महावीर इंटरनेशनल डायमंड के पदाधिकारियों व स्वयंसेवकों ने दिन-रात एक कर दिया।

आयोजकों ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद लोगों तक सुपर-स्पेशलिटी स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाना तथा समाज में सेहत के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। शिविर में बड़ी संख्या में मौजूद प्रबुद्ध नागरिकों और समाजसेवियों ने कटारिया परिवार और संस्थाओं के इस परोपकारी कदम की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

# मेघवाल के जन्मदिन के अवसर पर भीषण गर्मी में 51 यूनिट रक्त संग्रह



▪ स्मार्ट हलचल

**लाखेरी** - कस्बे में रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पूर्व विधायक चंद्रकांता मेघवाल के जन्मदिवस की सेवा कार्य श्रृंखला एवं ब्लड बैंकों में आ रही रक्त की कमी के कारण रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में 51 यूनिट रक्तदान हुआ। भाजपा मंडल अध्यक्ष नवीन यादव, महामंत्री पूर्व चेयरमैन राकेश सैनी (बाबा), जिला कार्यकारिणी सदस्य राजेन्द्र माहेश्वरी, युवामोर्चा अध्यक्ष भोले पारेता सहित 51 लोगों ने रक्तदान किया। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष नवीन यादव, जिला कार्यकारिणी सदस्य राजेंद्र माहेश्वरी, योगेश वर्मा, जिला प्रवक्ता गिरजा शंकर श्रृंगी, मन की बात विधानसभा संयोजक रघु पारीक, महामंत्री पूर्व चेयरमैन राकेश सैनी (बाबा), राकेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष पृथ्वीराज पारेता, हेमराज सैनी, मोहन दयालानी, राधा गोपाल शर्मा, मंडल प्रतिनिधि किशन बिहारी पाराशर, युवा मोर्चा अध्यक्ष भोले पारेता, मुस्तकीम मंसूरी, दिनेश सैनी, सतीश सैनी, प्रदीप सोनी, अमित शर्मा ललित चौहान आदि उपस्थित रहे।

# संपत्ति की जांच कब होगी? आलीशान कोठियों, बढ़ती संपत्तियों और जवाबदेही के सवाल

▪ स्मार्ट हलचल

देश में जब भी भ्रष्टाचार, काले



— डॉ. सत्यवान सौरभ

धन और आय से अधिक संपत्ति की चर्चा होती है, तब आम नागरिक के मन में एक सवाल बार-बार उठता है—आखिर संपत्ति की व्यापक और निष्पक्ष जांच कब होगी? शहरों के सेक्टरों, पॉश कॉलोनियों और विकसित क्षेत्रों में खड़ी होती आलीशान कोठियां, महंगे फार्म हाउस, बहुमंजिला इमारतें और करोड़ों रुपये की अचल संपत्तियां अक्सर लोगों को सोचने पर मजबूर कर देती हैं। यह जिज्ञासा स्वाभाविक है कि इन संपत्तियों का निर्माण किन आय स्रोतों से हुआ है और क्या इनकी कीमत संबंधित व्यक्तियों की घोषित आय के अनुरूप है। यह प्रश्न किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि व्यवस्था की पारदर्शिता और जवाबदेही से जुड़ा हुआ है।

लोकतंत्र में नागरिकों का विश्वास तभी मजबूत रहता है जब उन्हें यह भरोसा हो कि कानून सबके लिए समान है। यदि कोई व्यक्ति अपनी मेहनत, प्रतिभा, व्यवसाय, नौकरी या निवेश के माध्यम से संपन्न बनता है तो यह उसकी सफलता का प्रमाण है और उसका सम्मान होना चाहिए। लेकिन जब किसी व्यक्ति की आय और संपत्ति के बीच असामान्य अंतर दिखाई देता है, तब जांच की मांग भी स्वाभाविक हो जाती है। संपत्ति अर्जित करना अपराध नहीं है, लेकिन उसकी वैधता और स्रोत का स्पष्ट होना आवश्यक है। यही सुशासन और जवाबदेही का मूल आधार है।

आज भारत के अधिकांश शहरों में ऐसे क्षेत्र विकसित हो चुके हैं जहां करोड़ों रुपये की कोठियां और भवन खड़े हैं। इनमें से अधिकांश संपत्तियां निश्चित रूप से वैध साधनों से अर्जित की गई होंगी। देश में लाखों ऐसे व्यवसायी, उद्योगपति, डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, वैज्ञानिक और उद्यमी हैं जिन्होंने वर्षों की मेहनत और संघर्ष से आर्थिक सफलता प्राप्त की है। उनके परिश्रम और उपलब्धियों पर संदेह करना न केवल अनुचित होगा बल्कि समाज में नकारात्मक संदेश भी देगा। लेकिन यह भी उतना ही सच है कि कुछ मामलों में संपत्ति का आकार और घोषित आय के बीच ऐसा अंतर दिखाई देता है जो सवाल पैदा करता है। ऐसे मामलों में निष्पक्ष जांच लोकतांत्रिक व्यवस्था की आवश्यकता है।

आम नागरिक की चिंता केवल संपत्ति को लेकर नहीं होती, बल्कि उस असमानता को लेकर भी होती है जो समाज में दिखाई देती है। एक ओर मध्यमवर्गीय परिवार जीवन भर की कमाई लगाकर एक घर बनाने के लिए संघर्ष करता है, बैंक ऋण लेता है और वर्षों तक उसकी किस्तें चुकाता है। दूसरी ओर कुछ लोग बहुत कम समय में अपार संपत्ति के मालिक बन जाते हैं। जब यह अंतर बहुत अधिक दिखाई देता है तो लोगों के मन में प्रश्न उठते हैं। यदि इन प्रश्नों का उत्तर पारदर्शी जांच और जवाबदेही के माध्यम से नहीं दिया जाता, तो व्यवस्था के प्रति अविश्वास बढ़ने लगता है।

किसी भी लोकतांत्रिक समाज में सार्वजनिक पदों पर बैठे लोगों से अधिक पारदर्शिता की अपेक्षा की जाती है। सरकारी अधिकारी, निर्वाचित जनप्रतिनिधि और सार्वजनिक संसाधनों



के प्रबंधन से जुड़े लोग जनता के विश्वास के संरक्षक होते हैं। इसलिए उनकी आय और संपत्ति का विवरण अधिक स्पष्ट और सार्वजनिक होना चाहिए। यदि कोई सार्वजनिक सेवक अपनी वैध आय के अनुरूप संपत्ति अर्जित करता है तो उसे किसी जांच से डरने की आवश्यकता नहीं है। बल्कि ऐसी जांच उसकी ईमानदारी को प्रमाणित करने का माध्यम बन सकती है। लेकिन यदि कहीं अनियमितता है, तो उसे कानून के दायरे में लाना भी उतना ही आवश्यक है।

समस्या केवल घोषित संपत्तियों तक सीमित नहीं है। बेनामी संपत्ति भी देश के सामने एक बड़ी चुनौती है। अनेक बार वास्तविक मालिक अपनी संपत्ति किसी रिश्तेदार, कर्मचारी या परिचित के नाम पर दर्ज करा देता है। इससे वास्तविक स्वामित्व और धन के स्रोत का पता लगाना कठिन हो जाता है। सरकार ने बेनामी लेन-देन रोकने के लिए कानून बनाए हैं, लेकिन इनका प्रभावी क्रियान्वयन अभी भी चुनौती बना हुआ है। जब तक संपत्ति के वास्तविक लाभार्थी की पहचान सुनिश्चित नहीं होगी, तब तक वित्तीय पारदर्शिता का लक्ष्य अधूरा रहेगा।

तकनीकी दृष्टि से देखें तो आज संपत्ति की जांच पहले की तुलना में कहीं अधिक आसान हो चुकी है। बैंकिंग व्यवस्था, आयकर रिटर्न, डिजिटल भुगतान, संपत्ति पंजीकरण, जीएसटी रिकॉर्ड और विभिन्न सरकारी डेटाबेस के माध्यम से किसी भी व्यक्ति की वित्तीय गतिविधियों का व्यापक विश्लेषण किया जा सकता है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डेटा विश्लेषण जैसी तकनीकें यह पहचानने में सक्षम हैं कि कहां घोषित आय और वास्तविक संपत्ति के बीच असामान्य अंतर मौजूद है। यदि इन साधनों का प्रभावी उपयोग किया जाए तो जांच प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, त्वरित और निष्पक्ष बन सकती है।

यह भी आवश्यक है कि जांच का आधार केवल तथ्य और प्रमाण हों, न कि राजनीतिक या व्यक्तिगत हित। जनता का विश्वास तभी कायम रहेगा जब कानून का उपयोग चुनिंदा लोगों के खिलाफ नहीं बल्कि सभी के लिए समान रूप से किया जाएगा। यदि कोई सामान्य कर्मचारी अपनी आय का हिसाब देता है, तो प्रभावशाली व्यक्तियों, बड़े अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को भी वही मानक स्वीकार करने चाहिए। कानून की ताकत उसकी निष्पक्षता में होती है, न कि उसकी कठोरता में।

अवैध संपत्ति का प्रभाव केवल सरकारी खजाने तक सीमित नहीं रहता। यह सामाजिक असमानता को भी बढ़ाता है। जब कुछ लोग नियमों को दरकिनार करके अनुचित लाभ प्राप्त करते हैं, तो वे उन लोगों से आगे निकल जाते हैं जो नियमों का पालन करते हैं। इसका परिणाम यह होता है कि ईमानदार नागरिक स्वयं को हतोत्साहित महसूस करने लगते हैं। युवाओं में यह धारणा बनने लगती है कि सफलता का मार्ग मेहनत और प्रतिभा से अधिक प्रभाव और संपर्कों से होकर जाता है। यह स्थिति किसी भी समाज के लिए घातक है क्योंकि इससे नैतिक मूल्यों और सामाजिक विश्वास का क्षरण होता है।

ईमानदार करदाताओं के सम्मान के लिए भी संपत्ति की पारदर्शी जांच आवश्यक है। जो लोग नियमित रूप से कर चुकाते हैं, अपनी आय का सही विवरण देते हैं और कानून का पालन करते हैं, उन्हें यह महसूस होना चाहिए कि व्यवस्था उनके साथ न्याय कर रही है। यदि भ्रष्टाचार और अवैध संपत्ति पर प्रभावी कार्रवाई नहीं होती, तो ईमानदार नागरिकों के मन में भी निराशा उत्पन्न होती है। इसके विपरीत, जब कानून निष्पक्ष रूप से लागू होता है तो उनका विश्वास मजबूत होता है और वे स्वयं को व्यवस्था का सम्मानित हिस्सा महसूस करते हैं।

मीडिया और नागरिक समाज भी इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। खोजी पत्रकारिता, सूचना के अधिकार का उपयोग और सार्वजनिक विमर्श के माध्यम से अनेक मामलों में पारदर्शिता बढ़ी है। हालांकि इस प्रक्रिया में जिम्मेदारी भी आवश्यक है। बिना प्रमाण किसी व्यक्ति पर आरोप लगाना या अफवाहों के आधार पर उसकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाना लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप नहीं है। इसलिए पारदर्शिता की मांग तथ्यों और दस्तावेजों पर आधारित होनी चाहिए।

जांच एजेंसियों की स्वतंत्रता भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि जांच संस्थाएं राजनीतिक या अन्य प्रकार के दबाव में कार्य करेंगी तो जनता का विश्वास कमजोर होगा। इसलिए उन्हें पर्याप्त संसाधन, आधुनिक तकनीक और स्वतंत्र कार्य वातावरण प्रदान किया जाना चाहिए। एक ऐसी व्यवस्था विकसित होनी चाहिए जिसमें जांच का आधार केवल तथ्य, दस्तावेज और प्रमाण हों। इससे दोषियों के खिलाफ कार्रवाई प्रभावी होगी और निर्दोष लोगों को अनावश्यक परेशानियों से भी बचाया जा सकेगा।

संपत्ति की जांच केवल कानूनी विषय नहीं बल्कि सामाजिक चेतना का भी प्रश्न है। समाज को भी यह तय करना होगा कि वह किस प्रकार की सफलता को सम्मान देना चाहता है। यदि केवल भव्य भवन, महंगी गाड़ियां और बाहरी प्रदर्शन ही सफलता का पैमाना बने रहेंगे, तो भ्रष्टाचार को अप्रत्यक्ष सामाजिक स्वीकृति मिलती रहेगी। वास्तविक सम्मान उस व्यक्ति का होना चाहिए जिसने ईमानदारी, परिश्रम और नैतिक मूल्यों के आधार पर सफलता प्राप्त की हो।

आज आवश्यकता किसी विशेष व्यक्ति या वर्ग की जांच की नहीं, बल्कि ऐसी व्यवस्था बनाने की है जिसमें हर बड़ी संपत्ति का स्रोत स्पष्ट हो और हर नागरिक को यह विश्वास हो कि कानून सबके लिए समान रूप से लागू होता है। यदि किसी ने अपनी वैध आय से कोठी बनाई है तो उसे गर्व के साथ उसका विवरण प्रस्तुत करने में कोई संकोच नहीं होना चाहिए। लेकिन यदि किसी ने अवैध साधनों से संपत्ति अर्जित की है, तो उसे जवाबदेह ठहराना भी लोकतंत्र की जिम्मेदारी है।

अंततः यह प्रश्न कि "संपत्ति की जांच कब होगी?" केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि नैतिक, सामाजिक और लोकतांत्रिक प्रश्न है। इसका संबंध जनता के विश्वास, कानून की विश्वसनीयता और शासन की पारदर्शिता से है। जब आय और संपत्ति के बीच स्पष्ट संबंध स्थापित होगा, जब जांच निष्पक्ष होगी, जब बेनामी संपत्तियों पर प्रभावी नियंत्रण होगा और जब कानून सब पर समान रूप से लागू होगा, तभी लोकतंत्र की जड़ें और मजबूत होंगी। किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत उसकी इमारतें, कोठियां या आर्थिक आंकड़े नहीं होते, बल्कि उसके नागरिकों का व्यवस्था पर विश्वास होता है। उस विश्वास को बनाए रखने के लिए यह आवश्यक है कि संपत्ति की जांच केवल चर्चा का विषय न रहे, बल्कि पारदर्शी और उत्तरदायी शासन व्यवस्था का स्थायी हिस्सा बने।

# व्यवस्था के बाहर ही नहीं भीतर भी भरी है 'कॉकरोच '

▪ स्मार्ट हलचल



तनवीर जाफ़री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम के 134वें एपिसोड में लोगों से गर्मी से बचाव करने हेतु सावधानी बरतने की अपील की थी। इस अपील में दोपहर के समय घर से बाहर नहीं निकलना और चक्कर आने पर छायादार जगह पर लेटना जैसे अनेक देसी उपाय शामिल थे। परन्तु इस अपील के बावजूद गत 6 जून को हज़ारों छात्रों व युवाओं को दिल्ली की चिलचिलाती धूप में जंतर मंतर पर इकठ्ठा होने के लिये मजबूर होना पड़ा। यह युवा व छात्र देश के शिक्षा मंत्री से इस्तीफ़े की मांग कर रहे थे। जेन ज़ी ने जंतर मंतर पर यह घोषणा की कि यदि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफ़ा नहीं देते तो इस तरह के प्रदर्शन देशभर में किये जायेंगे। ग़ौरतलब है कि धर्मेंद्र प्रधान विगत लगभग 5 वर्षों से लगातार भारत सरकार के शिक्षा मंत्री के पद पर आसीन हैं। उन्हीं के कार्यकाल के दौरान NEET-UG 2024 जिसकी परीक्षा 5 मई 2024 को निर्धारित थी,का पेपर बिहार में लीक हुआ था। इस मामले में कई आरोपी गिरफ़्तार भी हुए थे। अभी पिछले दिनों उन्हीं के कार्यकाल में NEET-UG का पेपर लीक हुआ। इस से दुखी होकर चार छात्रों ने आत्महत्या कर ली और लगभग 22 लाख छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया। हालांकि कांग्रेस ने 2014-2024 तक 25 परीक्षाओं की सूची जारी की है जिसमें बिहार TET, UPSC तथा बिहार, उत्तर प्रदेश व राजस्थान आदि की राज्य स्तर की भर्ती परीक्षाओं में धांधली अथवा पेपर लीक की शिकायत है । इनमें से कई मामले धर्मेंद्र प्रधान के पिछले कार्यकाल यानी 2021-2024 में हुए। ऐसे में युवा बेरोज़गार छात्रों का आक्रोशित होना स्वाभाविक है।

अभी पेपर लीक पर युवाओं का आक्रोश सोशल मीडिया के माध्यम से सत्ता व व्यवस्था पर फूट ही रहा था की अचानक भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने गत 15 मई को एक मामले की सुनवाई के दौरान यह कह दिया कि 'कॉकरोच की तरह ऐसे देश के कई युवा हैं, जिन्हें रोज़गार नहीं मिल रहा है । ये युवा आगे चलकर मीडिया, सोशल मीडिया और आर टी आई कार्यकर्ता बन जाते हैं और फिर व्यवस्था पर हमला शुरू कर देते हैं '। जस्टिस सूर्यकांत के इस बयान के सार्वजनिक होते ही पहले से ही बेरोज़गारी व अनिश्चितता के माहौल में जी रहे देश के युवाओं में स्वभाविक रूप से उबाल आ गया।



हालांकि विवाद बढ़ने पर मौक़े की नज़ाकत को भांप मुख्य न्यायाधीश ने अपनी सफ़ाई देते हुये कहा कि उनकी बात को तोड़-मरोड़ के पेश किया गया है। उनका निशाना युवा नहीं थे, बल्कि फ़र्ज़ी डिग्रियों और ग़लत तरीक़ों से प्रतिष्ठित पेशों में घुसपैठ कर रहे लोग थे। उन्होंने कहा कि मुझे हर भारतीय युवा पर गर्व है और हर युवा मुझे प्रेरणा देता है' और वह युवाओं को विकसित भारत के स्तंभ के तौर पर देखते हैं' । परन्तु मुख्य न्यायाधीश का स्पष्टीकरण आने तक देश का बेरोज़गार युवा और व्यवस्था से नाराज़ नई युवा पीढ़ी जेन ज़ी आक्रोशित हो चुकी थी। अभिजीत दीपके जोकि पूर्व में आम आदमी पार्टी के साथ एक राजनीतिक संचार रणनीतिकार के रूप में भी काम कर चुके हैं, ने 16 मई 2026 को सोशल मीडिया पर आधिकारिक रूप से ' कॉकरोच जनता पार्टी ' के नाम से




पहले एक मज़ाक़िया ऑनलाइन पेज शुरू किया बाद में यह इंस्टाग्राम, X (ट्विटर) जैसे प्लेटफ़ॉर्म पर तेज़ी से वायरल हुआ और देखते ही देखते मात्र चार दिन में इस पेज ने रिकार्ड 44 लाख से अधिक युवा समर्थक जुटा लिए। इंस्टाग्राम पर तो सिर्फ़ 5 दिन में 1.87 करोड़ फॉलोवर्स हो गये। इस अभियान से भयभीत सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देकर इसका X (ट्विटर) अकाउंट भारत में ब्लॉक करवा दिया।

जस्टिस सूर्यकांत द्वारा देश के युवाओं को काकरोच अथवा परजीवी कहे जाने के बाद व अपने इस बयान पर सफ़ाई दिये जाने के बावजूद 'कॉकरोच ' की परछाईं उनका पीछा नहीं छोड़ रही है। गत 4 जून को लंदन विश्वविद्यालय के बर्कबेक कॉलेज में 'आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस (AI) और अंतरराष्ट्रीय क़ानून' विषय पर आयोजित एक व्याख्यान में कई प्रतिभागियों ने भारत में लोकतंत्र के रिकॉर्ड और असहमति के प्रति बढ़ती शत्रुता को लेकर जस्टिस सूर्यकांत के समक्ष सवाल उठाया। यह हंगामा भी जस्टिस सूर्यकांत के 15 मई के बेरोज़गार युवाओं को 'कॉकरोच' बताने वाले बयान से जुड़ा है। गोया भारतीय युवाओं का आक्रोश अब भारत से बाहर भी नज़र आने लगा है। युवाओं का ग़ुस्सा केवल ' कॉकरोच ' जनता पार्टी ' के प्रदर्शन के रूप में दिल्ली में ही नहीं फूटा बल्कि कांग्रेस,युवा कांग्रेस व राष्ट्रीय छात्र संगठन ने भी राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन कर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफ़ा माँगा तथा पेपर लीक के दोषियों के विरुद्ध सख़्त कार्रवाई की मांग की।

# राजस्थान पुलिस का यातायात नियमों के उल्लंघनकर्ताओं पर वज्र प्रहार; 2 दिनों में 16,656 वाहनों पर बड़ी कार्यवाही

## अवैध हूटर, काली फिल्म, प्रेशर हॉर्न और नियम विरुद्ध नंबर प्लेटों के खिलाफ डीजीपी के निर्देश पर प्रदेशव्यापी धरपकड़ अभियान जारी

▪ स्मार्ट हलचल



**जयपुर** । महानिदेशक पुलिस श्री राजीव कुमार शर्मा के निर्देश पर पूरे प्रदेश में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले और वीआईपी कल्चर का रौब झाड़ने वाले वाहन चालकों के खिलाफ एक विशेष महा-अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के पांचवें और छठे दिन प्रदेश के सभी जिलों में एक साथ बड़े स्तर पर नाकेबंदी और चेकिंग की गई। इन दो दिनों के भीतर पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए कुल 16,656 से अधिक वाहनों के विरुद्ध कड़ी दंडात्मक कार्यवाही को अंजाम दिया है।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस यातायात डॉ बी एल मीणा ने बताया कि अभियान के दौरान पुलिस ने वाहनों में किए गए अवैध संशोधन, अनधिकृत लाल-नीली बत्तियां, फ्लैशर, स्ट्रोब लाइट, प्रेशर हॉर्न, ब्लैक फिल्म, नियम विरुद्ध नंबर प्लेट तथा वाहनों पर लिखे गए अनधिकृत शब्द, चिन्ह एवं लेखन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की।

### काली फिल्म और दोषपूर्ण नंबर प्लेटों पर सबसे ज्यादा गाज

अभियान के दौरान पुलिस ने सबसे ज्यादा कार्यवाही सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अवहेलना कर शीशों पर काली फिल्म चढ़ाने वाले और नियम विरुद्ध नंबर प्लेटों पर नाम, पद या अनाधिकृत चिन्ह लिखवाने वाले चालकों पर की है। दो दिनों में काली फिल्म के कुल 6,406 मामले और नियम विरुद्ध नंबर प्लेटों के 4,621 मामले पकड़े गए।

### श्रेणीवार दो दिवसीय संयुक्त कार्यवाही का विवरणः

**वाहन के शीशों पर काली फिल्म (ब्लैक फिल्म)ः 6,406 वाहन**

**नियम विरुद्ध नम्बर प्लेट एवं पंजीयन चिन्हः 4,621 वाहन**

**वाहन पर अनाधिकृत शब्द, चिन्ह एवं लेखनः 2,228 वाहन**

**वाहन की संरचना (बॉडी/चेसिस) में अवैध परिवर्तनः 1,533 वाहन**

**अनाधिकृत लाल-नीली बत्ती, फ्लैशर व स्टोब लाइटः 998 वाहन**

**ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले प्रेशर हॉर्न / एयर हॉर्नः 870 वाहन**

कोटा सिटी और झालावाड़ पुलिस की सबसे बड़ी कार्यवाही आंकड़ों के विश्लेषण के अनुसार, कोटा शहर पुलिस पूरे प्रदेश में सबसे आक्रामक मोड में दिखाई दी। कोटा सिटी पुलिस ने दोनों दिनों में कुल 1,899 वाहनों पर चालान व जब्ती की कार्यवाही की। इसके अलावा झालावाड़ पुलिस ने छठे दिन को रिकॉर्ड रफ्तार पकड़ते हुए एक ही दिन में 813 वाहनों पर कार्रवाई की।

वहीं, राजधानी जयपुर में DCP ट्रैफिक जयपुर की टीम ने दोनों दिनों में मिलकर 1,268 उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ सख्त एक्शन लिया।

### 'नियम तोड़ेंगे तो भुगतना पड़ेगा'

एडीजी डॉ मीणा ने बताया कि यह अभियान केवल सांकेतिक नहीं है, बल्कि सड़कों को आमजन के लिए सुरक्षित बनाने का एक निरंतर प्रयास है। वाहनों में अवैध रूप से बत्तियां लगाकर खुद को कानून से ऊपर दिखाने की कोशिश करने वालों, सड़कों पर तेज प्रेशर हॉर्न बजाकर ध्वनि प्रदूषण फैलाने वालों और काली फिल्म की आड़ में संदिग्ध गतिविधियों को अंजाम देने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

# सीमल्या में अतिक्रमण तोड़ा, मुलभुत सुविधाएं देना भुले

## दुकानों के सामने तोड़े नालों की सफाई नहीं होने से व्यापारी परेशान

▪ स्मार्ट हलचल



**कोटा** : सीमल्या कस्बा सांगोद विधानसभा का दुसरा बड़ा कस्बा होने के बाद भी यहां के लोग मुलभुत सुविधाओं के अभाव में जुझ रहे है, सीमल्या कस्बै में गत दिनों नालों की सफाई के नाम पर दुकानो व मकानों का अतिक्रमण तोड़ा गया, लेकिन जिम्मेदार जनप्रतिनिधि व अधिकारी कस्बैवासियो को सुविधाएं देना भुल गये है। कस्बै में अघोषित बिजली कटौती, रोड लाईट नहीं होने, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरो कि कमी, विधुत विभाग का अईएन आफिस नहीं होने, किसी भी संकाय का महाविधालय नहीं होने, पंचायत समिति की कमी, मुख्य बाजार में सुविधाघर नहीं होने, आरओ फिल्टर प्लांट नहीं होने, मृत मवेशियों व कचरा निस्तारण की स्थाई जगह नहीं होने, आंगनबाड़ी भवन नहीं होने जैसी कही मुलभुत सुविधाओं का अभाव है। अतिक्रमण के दौरान कस्बै के मुख्य बाजार में बने नालों के उपर रखी पट्टियों को तोड़ें हुए 25 दिन हो गये है जिससे कही दुकानदारो की दुकाने पिछले कही दिनों से बंद है कहीं दुकानों में जानू का रास्ता नहीं बचा है। लेकिन अभी तक भी नालों की सफाई नहीं की गयी है। मुख्य बाजार में दुकानों व मकानों के सामने बने नालो की सफाई नहीं करने से दुकानदारों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। खुले नालो में भरी गंदगी सड़ांध मार रही है। वहीं खुले नालों में गिरने का डर सता रहा है। कुछ दिन पुर्व एक व्यापारी खुले नाले में गीर गया जिससे उसके शरीर पर चोटे आयी हे। वहीं जल संसाधन विभाग द्वारा कस्बै में नाला निर्माण का काम किया जा रहा है लेकिन अतिक्रमण टुटे हुए एक माह होने को है लेकिन अभी तक भी 25 मीटर नाला भी नहीं बना पाये है। वहीं मुख्य सड़क के दुसरी ओर बनी नाली मलबे से अटी पड़ी है जिसके कारण मुख्य बाजार की सड़क पर किचड़ फैला रहता है। जिससे यहां से गुजरने वाले राहगीरों को गंदगी से होकर गुजरना पड़ता है वहीं ग्रामीणो का कहना है कि नाला निर्माण कंपनी द्वारा नाला निर्माण कार्य में भेदभाव किया जा रहा है, वहीं नाला निर्माण के दौरान खोदी गयी मिट्टी को ग्राम पंचायत द्वारा 200 रूपये ट्रॉली में बेचकर निजी आय तो बढ़ा रही है लेकिन कस्बै कै मुक्तिधाम परिसर में हो रहे गहरे गड्ढे को भरवाना भुल गयी है। वहीं ग्राम पंचायत द्वारा अब तक मिटटी के दो सो रुपये के दो हजार टॉकन जारी किये गये है जिनसे लगभग 4 लाख रुपए की निजी आय बढ़ी है। लेकिन ग्राम पंचायत के खाते में अभी तक एक लाख अस्सी हज़ार रुपए ही जमा करवाये गये है। वहीं कस्बै के पावर हाउस बस्ती के रास्ते पर किचड हो रखा है। सब्जी मंडी परिसर की चार दिवारी टुटी हुई है, मंडी परिसर व मुख्य बाजार में लगा ठंडे पानी का वाटर कुलर खराब हो रखा है, कस्बै में सुविधाघर नहीं है। कस्बै के व्यापारीयो व ग्रामवासियों ने जिम्मेदार जनप्रतिनिधियो व अधिकारियों से समस्याओं से निजात दिलाने की बात कही है।

### वर्जन

**1.योगेंद्र गोतम**

ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत सीमल्या

मुख्य बाजार की नाली अतिक्रमण की कार्रवाई के दौरान मलबे से भर गयी है सफाई के लिए पिडब्लुडी के अधिकारीयो को बोल रखा है सीमल्या मुक्तिधाम परिसर में हो रहे गहरे गड्ढे में भी जल्द ही मिट्टी डलवाकर भरवाया जाएगा।

**2. सिंटू धाकड़**

पुर्व अध्यक्ष व्यापार महासंघ सीमल्या कस्बै के लोग आज भी मुलभुत सुविधाओं के अभाव में जुझ रहे है। पिछले एक माह से व्यापार प्रभावित हो रहा है। सड़क, नाली, पानी, बिजली जैसी मुलभुत सुविधाओं की मांग पर बुधवार को धरने पर बैठने का फैसला लिया है।

**3. सतिश शर्मा**

ग्रामीण : सीमल्या मुक्तिधाम परिसर में हो रहे गहरे गढ्ढे में मिट्टी डलवाने को लेकर कहीं बार ग्राम पंचायत को अवगत करवा दिया है। लेकिन समस्या जब की तस है मिट्टी डलवाने की मांग को लेकर जल्द ही धरने पर बैठुंगा।

# बाईपुरा में सफाई के बाद खुले छोड़े नाले



▪ स्मार्ट हलचल

### वार्डवासी परेशान, हादसे का बढ़ा खतरा।

**मेड़ता रोड** / बाईपुरा क्षेत्र स्थित बाबा रामदेव मंदिर के पास वार्ड नंबर 22 में नगर पालिका प्रशासन की लापरवाही एक बार फिर सामने आई है। क्षेत्र में जेसीबी मशीन द्वारा नाले की सफाई कार्य तो कर दिया गया, लेकिन उसके बाद नाले की सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया गया, जिससे स्थानीय लोगों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार सफाई कार्य के दौरान जेसीबी मशीन से नाले पर रखी गई पट्टियां टूट गई थीं, जिससे नाला पूरी तरह खुला और असुरक्षित रह गया। हैरानी की बात यह है कि सफाईकर्मी कार्य पूरा करने के बाद मौके से चले गए, लेकिन टूटे हुए ढांचे की मरम्मत या उसे ढकने की कोई व्यवस्था नहीं की गई। खुले पड़े गहरे नाले के कारण अब तक कई लोग और जानवर गिरकर घायल हो चुके हैं। इसके बावजूद नगर पालिका प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। वार्डवासियों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद उनकी समस्या को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि गलियों से निकलना भी अब जोखिम भरा हो गया है, खासकर बच्चों और बुजुर्गों के लिए स्थिति और भी चिंताजनक है। रात के समय अंधेरे में दुर्घटना का खतरा और बढ़ जाता है। वार्डवासियों ने सवाल उठाया है कि आखिर उनकी समस्या कौन सुनेगा और यदि कोई बड़ा हादसा होता है तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा। लोगों ने नगर पालिका प्रशासन से तत्काल प्रभाव से नाले की मरम्मत और सुरक्षा व्यवस्था बहाल करने की मांग की है, ताकि किसी बड़े हादसे को टाला जा सके।

# अवैध खनन, मादक पदार्थ तस्करी, वांछित आरोपी गिरफ्तारी और डीजे पर कार्रवाई

▪ स्मार्ट हलचल



**मेड़ता रोड** / नागौर पुलिस अधीक्षक आशाराम चौधरी के निर्देशन में अवैध खनन, अवैध परिवहन, वांछित अपराधियों की धरपकड़ तथा ध्वनि प्रदूषण के विरुद्ध नागौर पुलिस द्वारा लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। अलग-अलग थानों द्वारा की गई इन कार्रवाइयों में कई वाहन जब्त किए गए हैं और एक वांछित आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया है।

### अवैध खनन व परिवहन पर कार्रवाई

थाना पांचौड़ी पुलिस ने गश्त के दौरान सरहद भोजास क्षेत्र में अवैध रूप से लाईमस्टोन (चूना पत्थर) से भरे एक ट्रक और एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया। इस संबंध में खनिज विभाग को सूचना दी गई है। इसी तरह थाना थांवला पुलिस ने कोडिया मोड़ सरहद आलनिवास के पास अवैध बजरी परिवहन करते हुए एक 06 चक्का डंपर को जब्त कर खनिज विभाग को अवगत कराया।

### वांछित अपराधी गिरफ्तार, डोडा पोस्त बरामदगी का मामला

थाना पांचौड़ी पुलिस द्वारा वांछित अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए 3000 रुपये के ईनामी आरोपी खींयाराम को गिरफ्तार किया गया। यह वही मामला है जिसमें निमबड़ी गांव के भैरून्दा निमबड़ी तिराहे के पास एक दुर्घटनाग्रस्त काले रंग की टाटा हैरियर कार से 325 किलो 470 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त जब्त किया गया था। इस प्रकरण में थाना पादूकलां पर मामला दर्ज है और पूर्व में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### ध्वनि प्रदूषण पर भी सख्ती

थाना कोतवाली नागौर पुलिस ने बासनी चौराहा, कस्बा नागौर क्षेत्र में तेज आवाज में डीजे साउंड चलाकर ध्वनि प्रदूषण फैलाने पर कार्रवाई करते हुए डीजे साउंड सिस्टम लगी एक पिकअप गाड़ी को जब्त किया।

लगातार कार्रवाई जारी

नागौर पुलिस द्वारा विभिन्न मामलों में की जा रही यह कार्रवाई अवैध खनन, नशा तस्करी और ध्वनि प्रदूषण के खिलाफ सख्त संदेश के रूप में देखी जा रही है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि ऐसे मामलों में आगे भी लगातार अभियान जारी रहेगा।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। सह. सम्पादक मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com